दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। मंगलवार 20 मई-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 150 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










### संभल की शाही जामा मस्जिद सर्वे पर मुस्लिम पक्ष को झटका

## हाई कोर्ट ने खारिज की पुनर्विचार याचिका

**संभल:** उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर को लेकर विवाद मामले में आज अहम दिन साबित हुआ। इस मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए मुस्लिम पक्ष की पुनर्विचार की याचिका खारिज कर दी है। यह याचिका सिविल कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए की गई थी। इसका मतलब यह है कि सर्वे पर रोक नहीं लगाया जाएगा। इस मामले में अदालत ने बीते सप्ताह 13 तारीख को फैसला सुरक्षित रखा था।



संभल की जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को अहम फैसला सुनाया है। यह फैसला मस्जिद कमिटी की तरफ से दाखिल की गई सिविल रिवीजन याचिका पर आया है।

कोर्ट ने सर्वे पर रोक से इनकार कर दिया है। मस्जिद कमिटी ने हाई कोर्ट में मामले की पोषणीयता को चुनौती दी है। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल ने मस्जिद कमेटी के वकील, मंदिर की तरफ से हरिशंकर जैन और अरकके वकील की बातें सुनने के बाद यह फैसला लिया था।

संभल कोर्ट ने मस्जिद का अरक सर्वे करने का आदेश दिया था, जिसे मस्जिद कमेटी ने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। हिंदू पक्ष का कहना है कि ये मस्जिद, मंदिर को तोड़कर बनाई गई है और वे मंदिर में प्रवेश करना चाहते हैं। इससे पहले 5 मई को अरकके वकील ने अपना जवाब दाखिल किया था। इसके बाद कोर्ट ने मस्जिद कमेटी के वकील को जवाब देने के लिए समय दिया और अगली सुनवाई 13 मई को रखी थी।

अब आज हाई कोर्ट के फैसले पर सभी पक्षों की नजर रही। सोमवार को आए फैसले से यह स्पष्ट हो गया कि सर्वे की कार्रवाई जारी रहेगी। यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ, जब वकील हरिशंकर जैन और 7 अन्य ने दावा किया कि जामा मस्जिद दरअसल प्राचीन हरिहर मंदिर के स्थान

संबंधित खबर, पृष्ठ 2

## बाहर से दवाएं मंगाने वाले डॉक्टरों पर होगी एफआईआर

## एमएमजी अस्पताल के सीएमओ ने जारी किया आदेश





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के एमएमजी अस्पताल में हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने के लिए एफआईआर करने का नोटिस जारी किया गया है। सीएमओ डा. राकेश कुमार ने एमएमजी के मरीजों को बाहर की दवाइयां और जाच लिखने वाले डॉक्टर पर एफआईआर कराने का नोटिस जारी कर दिया है। एमएमजी के मरीजों को बाहर की दवाई और जांच लिखें जाने की शिकायत सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य ऋतु माहेश्वरी को निरीक्षण के दौरान की गई थी। सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य के आदेश पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक राकेश कुमार ने एमएमजी के मरीजों को बाहर की दवाई लिखने वाले चिकित्सा अधिकारी पर एफआईआर कराने का नोटिस जारी कर दिया है।

बाहर से दवा लिखी तो होगी एफआईआर नोटिस में लिखा है कि अगर किसी भी डॉक्टर ने एमएमजी अस्पताल में आए किसी भी मरीजों को बाहर की दवाईयां और जांच लिखी तो उसके खिलाफ एफआईआर करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि 16 मई को सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य ने एमएमजी अस्पताल का निरिक्षण किया था। निरिक्षण के दौरान उनको चिकित्सा अधिकारी द्वारा मरीजों को बाहर की दवाईयां और जांच लिखी जाने की शिकायत की गई थी।

सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य को इस तरह की शिकायत किए जाने से चिकित्सालय की छवि खराब होती है। चिकित्सालय की छवि को साफ रखने के लिए एमएमजी अस्पताल के मरीजों को बाहर की दवाईयां और जांच लिखने वाले चिकित्सा अधिकारी पर एफआईआर कराते हुए विधिक कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए नोटिस जारी कर दिया गया है।

मरीजों को परेशान ना करें सीएमओं डॉक्टर अखिलेश मोहन का कहना है कि सरकारी अस्पताल में मरीज इलाज और दवाइयां के लिए आते हैं। ऐसे में मरीजों को परेशान ना किया जाए, इसमें यदि किसी भी डॉक्टर या अन्य स्वास्थ्य कर्मी द्वारा लापरवाही की तो ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## 30 मई को नगर निगम करवाएगा अहिल्या बाई होल्कर जन्म शताब्दी पर बड़ा कार्यक्रम

### वीरेंद्र त्यागी को बनाया गया कार्यक्रम संयोजक

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सरकार इस वर्ष अहिल्या बाई होल्कर जन्म प्री शताब्दी समारोह मना रही है। अनेक कार्यक्रमों का आयोजन सरकार के द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम गाजियाबाद कार्यक्रम आयोजित करेगा। नगर निगम द्वारा 30 मई को अहिल्या बाई होल्कर जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन किया जाएगा। ये एक बड़ा कार्यक्रम होगा और इसमें अहिल्या बाई होल्कर के जीवन से जुड़े कई चलचित्र लगाए जाएंगे। यह सरकारी कार्यक्रम है और नगर निगम इसमें सहयोग करेगा। मेयर सुनीता दयाल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अहिल्या बाई होल्कर जन्म शताब्दी समारोह को धूमधाम से मनाया जा रहा है। 30 मई को होने वाले कार्यक्रम को भव्य तीरके से आयोजित किया जाएगा। इसमें नगर निगम का पूरा सदन भी शामिल होगा। इस कार्यक्रम का संयोजक भाजपा के वरिष्ठ पार्षद वीरेंद्र त्यागी को बनाया गया है। उन्हीं की देखरेख में इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। 30 मई को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में यह कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में नगर निगम के पार्षद भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में अहिल्या बाई होल्कर के जीवन से जुड़ी कई झांकियों को प्रदर्शित किया जाएगा।





## आज निकलेगी पिलखुवा में तिरंगा शौर्य यात्रा

### नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल संभालेंगे शौर्य यात्रा की कमान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पिलखुवा में मंगलवार को तिरंगा शौर्य यात्रा का आयोजन किया जाएगा। पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभू बंसल इस शौर्य यात्रा की कमान संभालेंगे। पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभू बंसल पहले से ही समाज और राष्ट्रसेवा के प्रति अर्पित रहते हैं। उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संगठन द्वारा सौंपी गई है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विभू बंसल ने बताया कि तिरंगा शौर्य यात्रा की पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिये पिलखुवा की जनता तैयार है। उन्होंने स्वयं क्षेत्र के लोगों से तिरंगा शौर्य यात्रा में भाग लेने का आह्वान किया है। विभू बंसल ने कहा कि लोगों में तिरंगा यात्रा को लेकर जोश है और वो आज राष्ट्र के प्रति समर्पित इस शौर्य यात्रा में भाग लेंगे। पिलखुवा में आज निकलने वाली तिरंगा शौर्य यात्रा सुबह 9 बजे शुरू होगी। पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभू बंसल के नेतृत्व में यह तिरंगा शौर्य यात्रा रेलवे रोड स्थित आनंद बाल मुकुंद की धर्मशाला से शुरू होगी और हिंदू कन्या इंटर कॉलेज पर इसका समापन होगा। तिरंगा शौर्य यात्रा में भाजपा के अलावा पिलखुवा के विभिन्न सामाजिक संगठन, व्यापार मंडल और अन्य सामाजिक संस्थाएं भी पूरे जोश के साथ भाग लेंगी। राष्ट्र के प्रति समर्पित इस यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।



## पैतृक गांव पहुंचकर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने दिया जड़ों से जुड़े रहने का संदेश

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जड़ों से जुड़कर चलना कोई कैबिनेट मंत्री सुनील से सीखें। परिवार, अध्यात्म, गौसेवा, संस्कार, सबकुछ उनके व्यक्तित्व में समाहित है।



वो अपनी मां का हाथ पकड़कर उन्हें तीर्थ यात्रा कराते हैं, वो नियमित रूप से मंदिर जाते हैं, पूजा-अर्चना करते हैं। वो गऊ सेवा करते हैं, वो अध्यात्म की शरण में हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि वो उत्तर प्रदेश सरकार में आईटी विभाग के कैबिनेट मंत्री हैं। अपनी जड़ों से जुड़कर कैसे चला जाता है और जड़ों का जीवन में क्या महत्व है ये संदेश कैबिनेट मंत्री सुनील ने अपने परिवार की नई पीढ़ी को दिया। वो अपने पैतृक गांव पतला निवाड़ी पहुंचे। यहां वो नई पीढ़ी को लेकर अपने उस घर में पहुंचे जहां उनकी पीढ़ियां पली-बढ़ी हैं। ये लगभग 125 साल पुराना है। यहां पहुंचकर उन्होंने शब्दों से नहीं बल्कि अपने व्यक्तित्व से अपनी पीढी को ये बता दिया कि संस्कार ये है, परिवार ये है और परंपराओं का पालन ऐसे होना है। 125 साल पुराने घर में पहुंचकर पहले हवन पूजन कराया। परिवार के बच्चों को सब बताया, घर की साफ-सफाई कराई और फिर बताया कि ये हमारे खानदारी है, ये हमारा परिवार है और यही हमारी जड़े हैं। वही पौधा एक मजबूत पेड़ बनता है, जिसकी जड़े मजबूत होती है।

### नई पीढ़ी को बताया ऐसा था हमारा घर और ऐसा था हमारा परिवेश

#### जब 100 वर्षीय दादी से गले मिले कैबिनेट मंत्री सुनील

**करंट क्राइम।** सुनील शर्मा आज सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं, लेकिन उनका बचपन उनके पैतृक गांव पतला-निवाड़ी में गुजरा है। उन्होंने स्नातक गांव में रहते हुए किया और एमए प्रथम वर्ष तक वो गांव में रहे। गांव से उनका एक विशेष लगाव रहा। ये उनका स्नेह है अपनी मिट्टी से, अपने खानदान से और अपनी परंपराओं से कि जब वो अपने पैतृक गांव पहुंचे तो उनकी माता उनके साथ थीं। भाई-भतीजे उनके साथ थे और उनके परिवार की दादी उनके मिलने आई और उन्हें गले लगाया। दादी की आयु लगभग 100 वर्ष है, लेकिन ये रिश्ते हैं जो सदियों तक चलते हैं। परिवार के बुजुर्ग आए, उनका आशीर्वाद लिया।



#### जब मिलकर बैठा पूरा परिवार और साथ किया भोजन

**करंट क्राइम।** सुनील शर्मा इस मामले में एक मिसाल कहे जा सकते हैं कि वो सियासत की ऊंचाईयों पर पहुंचकर भी अपनी जमीन से जुड़े हैं। वो अध्यात्म से जुड़े हैं, वो परिवार से जुड़े हैं, अपने संस्कार से जुड़े हैं। वो भले ही देश के नंबर-वन विधायक बन गए हैं, वो देश की सबसे बड़ी विधानसभा के विधायक हैं, वो सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं, वो शहर में एक बड़े मकान में रहते हैं, लेकिन वो अपनी जमीन से जुड़े हैं, अपनी जड़ों से जुड़े हैं। उन्हें आज भी अपना 125 साल पुराना मकान अच्छा लगता है। वो अपने पारिवारिक सिजरे पर नाज कर सकते हैं। जब वो अपने पैतृक गांव पहुंचे तो ये नई पीढ़ी के लिये भी सीखने की चीज थी कि परिवार क्या होता है। जब सब भोजन करने के लिये बैठे तो परिवार के ही लगभग 30 से 40 लोग हो गए। ये अपने आप में एक अदभुत दृश्य था, जब पूरा परिवार एक साथ भोजन कर रहा था और ये भोजन भी पूरी तरह सात्विक था। पूरी-छोले थे, मटर पनीर की सब्जी थी और गुलाब जामुन भी थे। ये सही मायनों में भोजन से ज्यादा उस परंपरा का सम्मान, उस परंपरा की पवित्रता थी जिसे परिवार कहते हैं।






# भारी बारिश से बेंगलुरु के कई इलाकों में यातायात ठप

## 22 मई तक आईएमडी का रेड और येलो अलर्ट






**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में मूसलधार बारिश ने शहर को जलमग्न कर दिया। भारी बारिश की वजह से कई जगह बाढ़ के हालात बन गए। रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात को छह घंटे से ज्यादा समय तक भारी बारिश हुई। बारिश के बाद पूरे बेंगलुरु में बड़े पैमाने पर जलभराव और व्यवधान की खबरें आईं। स्थानीय लोगों को कहना है कि यह साल की सबसे तेज बारिश है। हालांकि भारत मौसम विज्ञान विभाग (क्टऊ) ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। आने वाले कुछ दिनों के लिए मौसम विभाग ने रेड और येलो अलर्ट जारी किया है।

### केंगेरी में 132 मिमी बारिश दर्ज

कर्नाटक राज्य आपदा निगरानी सेल के अनुसार, केंगेरी में सबसे अधिक 132 मिमी बारिश दर्ज की गई, उसके बाद उत्तरी बेंगलुरु के वडेराहल्ली में 131.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। शहर के कई इलाकों में 100 मिमी से अधिक बारिश हुई। मौसम अधिकारियों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में शहर की औसत बारिश 105.5 मिमी रही, जो सोमवार को सुबह 8.30 बजे दर्ज की गई।

### सड़कें जलमग्न, कई घरों को भारी नुकसान

बेंगलुरु सिटी पुलिस ने न्यू बेल रोड, नागवारा, सरायपाल्या और अल्लासंद्रा से येलहंका सर्कल सहित उत्तरी क्षेत्रों में व्यवधान की चेतावनी देते हुए यातायात सलाहकार जारी किया।

बेंगलुरु में कई प्रमुख सड़कों पर जलभराव हो गया, जिससे कई घरों को भी नुकसान पहुंचा। बोम्मनहल्ली के व्यस्त सिल्क बोर्ड जंक्शन और हेब्बल के मान्याता टेक पार्क के पास एचआरबीआर लेआउट समेत निचले इलाकों में बाढ़ आ गई।

**आईएमडी ने जारी किया रेड और येलो अलर्ट :** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कर्नाटक में 22 मई 2025 तक भारी बारिश, गरज-चमक और बिजली गिरने की चेतावनी दी है। बेंगलुरु, बेलगावी, शिवमोग्गा सहित कई जिलों में येलो और रेड अलर्ट लागू हैं। चित्रदुर्गा में 19 मई को अत्यधिक भारी बारिश की संभावना के चलते रेड अलर्ट जारी किया गया है। कई जगहों के लिए येलो अलर्ट जारी है।

**बीबीएमपी और कर्नाटक सरकार पर निशाना :** कई निवासियों ने सोशल मीडिया पर शहर के खराब बुनियादी ढांचे को लेकर बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) और कर्नाटक सरकार की उदासीनता की आलोचना की। बारिश के दौरान शहर भर में 19 से ज्यादा पेड़ उखड़ गए, जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# संभल मस्जिद कमेटी को झटका

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज की रिव्यू अर्जी



**संभल।** संभल की जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला आ गया है। ल्उ ने रिवीजन पिटीशन खारिज कर दी है, जिससे मस्जिद इंतजामिया कमेटी को बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट के फैसले से सर्वे का रास्ता साफ हो गया है। मस्जिद कमेटी ने 19 नवंबर 2024 को सिविल कोर्ट द्वारा दिए गए सर्वे के आदेश को चुनौती दी थी। मस्जिद कमेटी ने हाईकोर्ट में सिविल रिवीजन याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट के फैसले से संभल में शाही मस्जिद का सर्वे तय हो गया है। इलाहाबाद हाइकोर्ट में जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की बेंच ने फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट के इस फैसले से अब यह साफ हो गया है कि संभल की जिला अदालत में सर्वे का आगे मुकदमा चलेगा।

बेंच ने मुस्लिम पक्ष की दलीलें नामंजूर कीं और फैसला सुनाया। अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने एक्स पर लिखा, संभल मामले में मस्जिद पक्ष की याचिका खारिज हो गई। दलील यह दी गई थी कि कोर्ट एकतरफा सर्वे कमिश्नर नियुक्त नहीं कर सकता। स्टे हट गया है।

निचली अदालत ने पिछले साल 19 नवंबर को संभल मस्जिद का सर्वे करने के लिए एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया था। वहीं, मस्जिद कमेटी ने हाईकोर्ट के समक्ष दावा किया था कि निचली अदालत ने मुस्लिम पक्ष को अपनी दलीलें रखने का मौका दिए बिना एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त करने का आदेश पारित कर दिया। मस्जिद कमेटी ने सर्वे आदेश पर रोक लगाने की मांग की थी।

इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में 13 मई को बहस पूरी हो गई थी और कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

हिंदू पक्ष ने हरिहर मंदिर होने का दावा करते हुए संभल सिविल कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। हिंदू पक्ष की याचिका पर संभल सिविल कोर्ट ने सर्वे का आदेश दिया था।

इस पर मस्जिद कमेटी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में मामले की पोषणीयता को चुनौती दी। 8 जनवरी 2025 से हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश देते हुए सिविल कोर्ट के सर्वे आदेश पर रोक लगा रखी थी।

इससे पहले 28 अप्रैल को हुई सुनवाई के दौरान इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण यानी अरक को 48 घंटे के अंदर सर्वे और रिपोर्ट पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। संभल में पिछले साल 24 नवंबर 2024 को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान बवाल हुआ था, जिसमें 5 लोगों की मौत हुई थी और 29 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। इस घटना के बाद संभल में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस पूरी हिंसा की जांच एसआईटी कर रही है। यह मामला कई दिनों तक चर्चा का विषय रहा है।

# कर्नल सोफिया केस: कानूनी कार्रवाई से बचने को माफी मांग रहे हैं विजय शाह : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली:** कर्नल सोफिया कुरैशी पर बीजेपी नेता व मंत्री कुंवर विजय शाह की टिप्पणी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को आदेश दिया कि वे मंगलवार सुबह 10 बजे तक एसआईटी का गठन करें। इसकी अध्यक्षता एक आईजी स्तर के अधिकारी करेंगे और दोनों अन्य सदस्य भी एसपी या उससे ऊपर के रैंक के होंगे। सोमवार सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान विजय शाह की टिप्पणी को घटिया और शर्मनाक करार दिया और उनकी सार्वजनिक माफी को अस्वीकार्य बताते हुए खारिज कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक विशेष जांच दल, जिसमें मध्य प्रदेश राज्य से बाहर के तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी होंगे, भाजपा मंत्री कुवंर विजय शाह के खिलाफ कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई टिप्पणी के संबंध में दर्ज एफआईआर की जांच करेगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि इनमें से एक अधिकारी महिला होनी चाहिए। कोर्ट ने साथ ही विजय शाह की गिरफ्तारी पर रोक लगाई, जो कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर दर्ज की गई एफआईआर के तहत की गई थी। लेकिन इस रोक की शर्त यह रखी गई है कि शाह जांच में पूर्ण सहयोग करेंगे और उपस्थित रहेंगे। हालांकि पीठ ने यह स्पष्ट किया कि वह जांच की निगरानी नहीं करना चाहती, लेकिन उसने रक्ळ से मामले की स्थिति रिपोर्ट मांगी है। अगली सुनवाई 28 मई को होगी।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि आप (याची मंत्री) सोचिए कि आप अपनी साख कैसे बहाल करेंगे। पूरा देश आपकी टिप्पणी से शर्मिंदा है। यह एक ऐसा देश हैं जो कानून के शासन में विश्वास रखता है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ कर रही थी। यह सुनवाई दो याचिकाओं पर हो रही थी पहली याचिका मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के स्वतः संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज कराने के आदेश को चुनौती देने के लिए थी, जिसमें शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को कथित तौर पर आतंकवादियों की बहन कहा था। दूसरी याचिका 15 मई के आदेश के खिलाफ थी, जिसमें हाईकोर्ट ने एफआईआर की भाषा और गम्भीरता पर असंतोष व्यक्त करते हुए खुद जांच की निगरानी की बात कही थी।

शुरूआत में, याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनींदर सिंह ने कहा कि शाह ने सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली है। इस पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह कैसी माफी है? कभी-कभी लोग माफी मांगकर कानूनी ज़िम्मेदारी से बचना चाहते हैं। कभी मगरमच्छ के आंसू होते हैं। आपकी माफी किस श्रेणी में आती है? उन्होंने आगे कहा कि आपने जो अपमानजनक टिप्पणी की, वह पूरी तरह से असंवेदनशील थी। आपको ईमानदारी से क्षमा मांगने से किसने रोका? हमें आपकी माफी की कोई जरूरत नहीं है।

# शाहदरा में ई-रिक्शा चार्जिंग के दौरान इमारत में लगी आग, दो बच्चों समेत 6 लोग अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा इलाके में रविवार रात एक मकान के ग्राउंड फ्लोर पर ई-रिक्शा चार्जिंग के दौरान उसमें आग लग गई। आग लगने के चलते पूरे घर में धुआं भर गया। घटना के दौरान बगल के कमरे में सो रहा परिवार इसकी चपेट में आ गया। इसके चलते 2 बच्चों समेत 6 लोगों को दम घुटने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दिल्ली पुलिस ने सोमवार को बताया कि 30 वर्षीय सनी आग में 5-10% झुलस गया है। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट लग रहा है। सभी लोगों को इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर इस घटना की जांच कर रही है।

### सरोजिनी नगर मार्केट में दुकानों में लगी आग

वहीं, रविवार देर रात दक्षिण दिल्ली के सरोजिनी नगर इलाके में स्थित कई दुकानों में आग लग गई। फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

फायर ऑफिसर मनोज कुमार ने बताया कि सरोजिनी नगर में कई साड़ी की दुकानों में आग लगने की सूचना फायर स्टेशन को मिली थी। दमकल की 5 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं और आग पर जल्दी ही काबू पा लिया गया। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मनोज कुमार ने बताया, ३हमें रात 9:27 बजे फोन आया। जब हम यहां आए, तो हमने पाया कि तीन साड़ी की दुकानों में आग लगी हुई है... पांच दमकल गाड़ियां मौके पर हैं और आग लगभग बुझ गई है। कोई हताहत नहीं हुआ है। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।"

### राजेंद्र नगर में कोचिंग सेंटर में आग लगी

भाषा के अनुसार, मध्य दिल्ली में एक इमारत की चौथी और पांचवीं मंजिल पर स्थित एक कोचिंग संस्थान में रविवार को आग लग गई। दिल्ली फायर सर्विस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना से छात्रों और कर्मचारियों में दहशत फैल गई, लेकिन इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारी ने बताया कि उन्हें सुबह 11.08 बजे ओल्ड राजेंद्र नगर के बड़ा बाजार रोड पर आग लगने की सूचना मिली।

उन्होंने कहा कि दमकल की 8 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और दोपहर 12:20 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिला है कि आग शॉर्ट सर्किट के चलते लगी। उन्होंने कहा कि विस्तृत जांच जारी है।

# पटना में कारोबारी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या




**पटना।** पटना में दिनदहाड़े एक व्यवसायी को अपराधियों ने गोली मार दी। व्यवसायी की हालत गंभीर है। परिजनों ने उन्हें प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया है। घटना बेउर बाइपास इलाके में सोमवार की सुबह हुई। बताया जा रहा है कि मैरिज हॉल के मालिक संजय यादव मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। तेज प्रताप नगर के भवानी कमेटी हॉल के पास पहले से घात लगाए अपराधियों ने संजय यादव को रोक दिया। इसके बाद उन्हें मारपीट कर जमीन पर गिराकर गोलियों से भून डाला। अपाधियों ने व्यवसायी को छह गोली मारी। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों ने खून से लथपथ व्यवसायी को पुलिस की मदद से अस्पताल में भर्ती करवाया।

**अपराधियों को संजय की दिनचर्या की पूरी जानकारी :** स्थानीय लोगों का कहना है कि हमलावरों ने पहले से ही संजय यादव की रेकी की थी और मौका पाकर उन्हें धक्का देकर गिराया। गोली लगते ही संजय सड़क पर खून से लथपथ होकर गिर पड़े। इधर, वारदात की सूचना पर बेउर थाना पुलिस और डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची, जहां फुलवारी शरीफ के डीएसपी सुशील कुमार सिंह ने पूरे मामले की जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि यह वारदात पूरी प्लानिंग के तहत की गई है, और अपराधियों को संजय की दिनचर्या की पूरी जानकारी थी।

**अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे परिजन :** पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है ताकि तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा सकें। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वह अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

# हैदराबाद में बम धमाके की साजिश नाकाम

## आईएसआईएस से जुड़े दो संदिग्ध पकड़े गए; पुलिस की बड़ी कामयाबी



**हैदराबाद।** तेलंगाना पुलिस ने आंध्र प्रदेश पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में हैदराबाद में बम विस्फोट की साजिश को नाकाम कर दिया है। अभियान में आईएसआईएस से जुड़े दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने विजयनगरम से सिराज और हैदराबाद से समीर को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों कथित तौर पर शहर में एक डमी विस्फोट करने की योजना बना रहे थे।

कथित तौर पर सिराज ने योजना के तहत विजयनगरम में विस्फोटक सामग्री खरीदी थी। दोनों को सऊदी अरब स्थित क्रक्र मॉड्यूल से ऑर्डर मिल रहे थे। उन्हें हैदराबाद में धमाका करने के लिए तैयार किया जा रहा था। दोनों संदिग्धों को हिरासत में ले लिया गया है। संयुक्त अभियान में तेलंगाना काउंटर इंटेलिजेंस और आंध्र प्रदेश इंटेलिजेंस शामिल थे।

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद बढ़ी सख्ती :** हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की संभावित मौजूदगी के बारे में जानकारी मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर सहित कई राज्यों में व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को पंजाब में गैंगस्टर हैप्पी पासियन से जुड़े 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जो पिछले साल दिसंबर में गुरदासपुर जिले में एक पुलिस स्टेशन पर ग्रेनेड हमले के सिलसिले में खालिस्तानी आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा से जुड़ा हुआ है।

**पहलगाम में पर्यटकों पर गोलीबारी हुई थी :** इससे पहले 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर गोलीबारी की थी। इस दौरान 26 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई थी। सुरक्षा अधिकारियों ने आतंकियों की पहचान कर ली है।

# शोध : मां के दूध में मिलने वाला लैक्टोफेरिन दूर कर सकता है आंखों का सूखापन

**नई दिल्ली।** मां के दूध में मिलने वाला लैक्टोफेरिन आंखों के सूखापन को दूर कर सकता है। यह खुलासा एम्स के एक शोध में हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है आंखों की सर्जरी, मोबाइल के अत्यधिक इस्तेमाल के कारण आंखों की समस्या बढ़ सकती है।

यदि लंबे समय तक आंखों में सूखापन बना रहे तो आंखों में इंफेक्शन, कॉर्निया पर गलत असर या मरीज के आंखों की रोशनी जा सकती है। आंखों में सूखापन का पता तुरंत नहीं चल पाता। यदि मरीज डॉक्टर के पास जाकर इसकी जांच करवाए तभी समस्या का पता चल पता है।



### 50 मरीजों पर हुआ शोध

सूखी आंख के इलाज के लिए लैक्टोफेरिन की उपयोगिता के लिए 50 मरीजों पर शोध किया गया। यह मरीज एम्स में आंखों की सर्जरी करवा चुके थे। शोध के दौरान मरीज के दो ग्रुप बनाए गए। एक ग्रुप को लैक्टोफेरिन दिया गया, जबकि दूसरे ग्रुप को सामान्य तौर पर देखरेख की सुविधा मिली। शोध में पाया गया कि जिन मरीजों को लैक्टोफेरिन दिया गया उन मरीजों की आंखों में सामान्य तरह से आंसू बन रहे थे।

### 200 मरीजों पर हो रहा है ट्रायल

इस शोध को और प्रभावी बनाने के लिए अब 200 मरीजों पर ट्रायल किया जा रहा है। इसमें नेत्र संबंधी सतह रोग सूचकांक, गैर–आक्रामक टियर ब्रेक अप परीक्षण, शिरमर परीक्षण, लिपिव्यू और नेत्र संबंधी सतह विश्लेषक सहित नैदानिक जांच की जाएगी।



डॉक्टरों का कहना है कि सामान्य आंखों में समय-समय पर आंसू आते रहते हैं। इनके कारण आंखों में नमी रहती है जो कॉर्निया को ठीक रखता है। साथ ही उसके सतह को उचित नमी के साथ सुरक्षा देता है।

जबकि सर्जरी के बाद आंखों में आंसू आने की क्रिया प्रभावित होती है जो लंबे समय के बाद मरीज की समस्या को गंभीर कर सकता है। इस शोध में सूखी आंखों में फिर से आंसू की क्रिया को सामान्य बनाने में लैक्टोफेरिन एक अहम भूमिका निभा सकता है।

**सर्जरी के बाद 60 फीसदी में होती है दिक्कत :** एम्स के आरपी सेंटर की प्रो. डॉ. नम्रता शर्मा ने बताया कि पोस्ट रिफ्रेक्टिव सर्जरी (चश्मा हटाने के लिए) के दौरान करीब 60 फीसदी मरीजों में आंखों के सूखापन की समस्या होती है। इस कारण मरीज के आंखों को नुकसान हो सकता है। इससे कॉर्नियल-न्यूरल-लैक्रिमल रिफ्लेक्स आर्क में रुकावट आ सकती है जो आंखों के लिए आंसू उत्पादन और पलक झपकने की दर को नियंत्रित करती है। ऐसे में सर्जरी के बाद मरीज को लैक्टोफेरिन देने से बड़ी राहत मिली।

**इनमें पाया जाता है लैक्टोफेरिन :** एम्स के बायोफिजिक्स विभाग की प्रो. डॉ. सुजाता शर्मा ने बताया कि लैक्टोफेरिन एक (प्रोटीन) ग्लाइकोप्रोटीन है। यह मां के दूध में (गाढ़ा पीला दूध) के अलावा खून और शरीर के कुछ अन्य तरल पदार्थों में पाया जाता है। इसी प्रोटीन का इस्तेमाल सूखी आंखों पर गोली या आई ड्रॉप्स के तौर पर किया गया।

मौजूदा समय में सूखी आंखों के पोस्टऑपरेटिव उपचार के लिए स्टेरॉयड, साइक्लोस्पोरिन आई ड्रॉप सहित अन्य का इस्तेमाल होता है जिससे नुकसान हो सकता है। जबकि लैक्टोफेरिन एक अच्छा विकल्प है। इसकी मदद से रोगाणुरोधी और साथ ही कोशिका की वृद्धि की जा सकती है। स्जोग्रेन और गैर-स्जोग्रेन सूखी आंखों के उपचार के रूप में मौखिक लैक्टोफेरिन का उपयोग का परिणाम बेहतर मिला।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में पार्षदों ने खोल दिया मोर्चा

## नगर निगम में पार्षदों ने किया एलान, किसी भी सूरत में वसूलने नहीं दिया जाएगा बढ़ा हुआ हाउस टैक्स





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम में बढ़े हुए हाउस टैक्स का जिन्न अब बोतल से बाहर आ गया। जिस हाउस टैक्स को लेकर मेयर, कैबिनेट मंत्री और विधायकों की मौजूदगी में ये प्रस्ताव आया था कि बढ़ा हुआ हाउस टैक्स निरस्त किया जाएगा उसके बाद ऐसा क्या हुआ कि अधिकारियों ने हाउस टैक्स बढ़ा दिया और इसकी वसूली के नोटिस भी पहुंच गए। अभी तक ये कहा जा रहा था कि इस मामले में पूर्व पार्षद मोर्चा खोल रहे हैं। पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी, पूर्व पार्षद अनिल स्वामी, पूर्व पार्षद हिमांशु लव, पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने विरोध जताया था। उन्होंने निगम एक्ट का हवाला दिया था और ये भी कहा था कि जनता माफ नहीं करेगी। इसके बाद इस मामले को लेकर चर्चा चल रही थी और अभी तो पूर्व पार्षद विरोध कर रहे थे और अब इस मामले में सोमवार को नया मोड आ गया। जब नगर निगम में 40 से 50 पार्षद पहुंचे और उन्होंने एलान किया कि किसी भी सूरत में बढ़ा हुआ हाउस टैक्स वसूलने नहीं दिया जाएगा। बताया जाता है कि रविवार को इस विरोध की भूमिका तय हो गई थी। रविवार को पार्षद ग्रुप में एक मैसेज चला था जिसमें हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी का विरोध किया गया था। बताते हैं कि ग्रुप पर भी लगभग 40 से 50 पार्षद बढ़े हुए हाउस टैक्स के विरोध में आ गए और सोमवार को नगर निगम में पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया।

### मैटर तैयार, लैटर तैयार और अब हस्ताक्षर अभियान शुरू

करंट क्राइम। नगर निगम में सोमवार को 40 से 50 पार्षद पहुंचे। इनमें बड़ी संख्या में भाजपा के पार्षद थे। इन पार्षदों ने हाउस टैक्स बढ़ाए जाने का विरोध करते हुए कहा कि सबसे पहले इस बात की योजना बनाई जाएगी। बढ़े हुए हाउस टैक्स को वसूलने नहीं दिया जाएगा। पार्षदों के पास बढ़े हुए हाउस टैक्स की स्लिप है और सभी ने एक मुश्त विरोध शुरू किया है। सूत्र बताते हैं कि अब इस विषय को लेकर मैटर भी तैयार है और लैटर भी तैयार है। अब हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत हो रही है।

### जब हो गई थी बात तो फिर क्यों बना बढ़े हाउस टैक्स का प्लान

करंट क्राइम। नगर निगम में पार्षद हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में हैं। वो इसे न्यायसंगत नहीं मान रहे हैं। नगर निगम में जब सोमवार को पार्षद एकजुट हुए तो यहां पहला सवाल इसी बात को लेकर था कि जब मेयर सुनीता दयाल, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विधायक अजीतपाल त्यागी की मौजूदगी में ये तय हो गया था कि हाउस टैक्स नहीं बढ़ाया जाएगा तो फिर ये हाउस टैक्स क्यों लगाया गया है।

### आज मेयर लेंगी इस मुद्दे पर अधिकारियों की बैठक



करंट क्राइम। दैनिक करंट क्राइम ने जब हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के नोटिस जनता को मिलने और पार्षदों के विरोध को लेकर मेयर सुनीता दयाल से बात की तो यहां मेयर ने भी माना कि हाउस टैक्स बहुत ज्यादा बढ़ाकर वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स की पॉलिसी मैटर है। मुझे इस मामले पर नगर निगम के अधिकारियों के साथ 12 दिन पहले बैठक करनी थी, लेकिन कुछ अधिकारी मीटिंग में थे और कुछ मैं भी व्यस्त रही। उन्होंने कहा कि वो इस मामले पर आज अधिकारियों की बैठक लेने जा रही हैं। मेयर सुनीता दयाल मंगलवार को इस मुद्दे पर अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। इस बात को देखा जाएगा कि वास्तव में कितना टैक्स बढ़ाकर वसूला जा रहा है। मेयर ने कहा कि जनत के साथ किसी भी अवस्था में नाजायज नहीं होने दिया जाएगा।



### हमने निरस्त, निरस्त, निरस्त ना कहा हो तो निकाली जाए वीडियो रिकॉर्डिंग



करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि हाउस टैक्स को लेकर एक पेंच निरस्त और स्थगित के बीच भी फंस गया है। अधिकारी इसे स्थगित होना बता रहे हैं जबकि पार्षदों का दावा है कि प्रस्ताव निरस्त हुआ था। निगम पार्षद गौरव सोलंकी ने कहा कि मैंने तभी ये कहा था कि हमने प्रस्ताव को निरस्त करा दिया है, लेकिन अब ये कहा जा रहा है कि प्रस्ताव स्थगित हुआ था। उन्होंने कहा कि कागजों में क्या हुआ, हमें नहीं पता क्योंकि हमको कागज नहीं दिखाए गए, लेकिन हमने अगर प्रस्ताव निरस्त, निरस्त, निरस्त ना कहा हो तो बैठक की वीडियो रिकॉर्डिंग निकाली जाए। कागजों में क्या लिखा, हमें नहीं दिखाया गया। सदन की रिकॉर्डिंग चेक कराई जाए।

### शासन का आदेश हो तो दिखाओ, हम दे देंगे इस्तीफा

करंट क्राइम। हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर पार्षद अब आरपार की लड़ाई के मूड में आ गए हैं। वो निगम सदन की बैठक वाली रिकॉर्डिंग निकालने की बात कर रहे हैं। उनका कहना है कि जो कुछ कागजों पर लिखा गया है वो सार्वजनिक किया जाए। पार्षद का कहना है कि अगर वीडियो रिकॉर्डिंग में निरस्त शब्द ना हो तो हम इस्तीफा दे देंगे। पार्षद गौरव सौलंकी ने कहा कि मुझे और सभी पार्षदों को शहर की जनता ने अलग-अलग वार्डों से चुना है। हमारी जनता के प्रति जवाबदेही है। गौरव सोलंकी ने कहा कि मुझसे तो मीटिंग में ही माइक छीनने की बात की गई थी।

### पहले भी किया था विरोध और अब भी विरोध करेंगे

करंट क्राइम। सोमवार को निगम सभागार में जब पार्षद एकजुट हुए तो यहां पार्षद गौरव सोलंकी ने कहा कि आखिर हम पार्षद हैं और हम क्यों नहीं बोलेंगे। हमने पहले भी विरोध किया था और हम अब भी विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि शासन से अगर कोई लैटर आया है तो उसे भी पार्षदों को दिखाया जाए। उस लैटर को सार्वजनिक किया जाए। अगर शासन का आदेश है तो वो भी दिखाया जाए।

**आखिर हम पार्षद हैं और हम क्यों नहीं बोलेंगे : गौरव सोलंकी**

### भाजपा पार्षद गौरव सोलंकी ने निगम में संभाली कमान

भाजपा पार्षद गौरव सोलंकी बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर आंदोलन वाले मूड में आ गए हैं। वो नगर निगम पहुंचे और उन्होंने साफ कहा कि किसी भी सूरत में जनता पर करों का बोझ नहीं लगने दिया जाएगा। यहां उन्होंने बैठक में कहा कि पहले भी टैक्स बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव आया था। जिसे पार्षदों ने एकजुट होकर निरस्त करा दिया था। उन्होंने बताय कि नगर निगम कार्यकारिणी में एकमत से इस बढ़ोत्तरी के विरोध में पक्ष और विपक्ष के पार्षद आ गए थे और सभी ने मिलकर बढ़े हुए हाउस टैक्स के प्रस्ताव को निरस्त कराया था। ये कार्यकारिणी में आया था। उन्होने बताया कि ये पार्षद एकता थी जब इस मुद्दे पर बवाल होता दे२खकर निगम अधिकारियों ने टैक्स बढ़ोत्तरी पर यूटर्न ले लिया था और इसे निरस्त करना पड़ा था। उसके बाद ये प्रस्ताव फिर से उस बैठक में आया जिसमें सरकार के कैबिनेट मंत्री भी मौजूद थे। गौरव सौलंकी ने कहा कि मैंने तभी कहा था कि हमने इसे निरस्त कराया था।

### यह भ्रम ना फैलाया जाए कि पार्षदों ने बढ़वाया टैक्स

करंट क्राइम। नगर निगम सभागार में सोमवार को बढ़े हुए टैक्स के खिलाफ पार्षदों ने मोर्चा खोला। पार्षदों ने कहा कि टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर आंख मिचौली का खेल चल रहा है। महापौर भी नहीं चाहती है कि जनता से बढ़ा हुआ टैक्स वसूला जाए। जब नवंबर की बैठक में ये तय हुआ था कि जो टैक्स बढ़ाकर जनता को भेजा गया है उसे वापस लिया जाएगा। फिर शहर में इस बात का भ्रम क्यों फैलाया जा रहा है कि पार्षदों ने टैक्स बढ़वाया है।



### पार्षदों को जब करना पड़ा 20 मिनट इंतजार

करंट क्राइम। नगर निगम के 40 से 50 पार्षदों ने पहले पार्षद कक्ष में टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में बैठक की। उसके बाद सभी पार्षद एकजुट होकर मेयर सुनीता दयाल के कक्ष में पहुंचे। जब पार्षद वहां पहुंचे तो मेयर सुनीता दयाल नगर निगम के जोनल अधिकारियों के साथ बैठक कर रही थीं। मेयर ने पार्षदों से कहा कि वो पांच मिनट में फ्री होकर बात करती हैं। इसके बाद पार्षद मेयर कक्ष के बाहर खड़े हो गए। कुछ पार्षद वापस लौटे और फिर से पार्षद कक्ष में बैठक गए। पार्षदों को लगभग 20 मिनट इंतजार करना पड़ा।

### मेयर ने कहा- पहले अधिकारियों से बात फिर पार्षदों से करेंगी बात

करंट क्राइम। टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर पार्षद अब मोर्चा खोल रहे हैं। सोमवार को उन्होंने निगम में बैठक की और इसके बाद वो मेयर से मिले। मेयर जब निगम अधिकारियों की बैठक से फ्री हुई तो उन्होंने पार्षदों से बात की। पार्षदों ने उन्हें बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर अपने रुख से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर अलग से एक बोर्ड बैठक बुलवाई जाए। मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि पहले वो हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगी। इस विषय पर पूरी जानकारी लेंगी और फिर वो निगम पार्षदों से बात करेंगी और उसके बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा।

### हमसे चूक हो गई, हमें विरोध करना था: नरेश भाटी



करंट क्राइम। निगम पार्षद नरेश भाटी ने कहा कि दरअसल हमसे ही चूक हो गई, हमने विरोध नहीं किया। उन्होंने कहा कि हमसे अधिकारियों ने कहा था कि ये चार गुणा टैक्स नहीं बढ़ेगा और आपको लोग गुमराह कर रहे हैं। प्रवीण भाटी ने कहा कि हो सकता है पार्षद इसी बात को लेकर चुप रहे, वरना कोई भी पार्षद ऐसा नहीं है जो टैक्स बढ़ाने के पक्ष में हो।

### जब लगे पार्षद एकता जिंदाबाद के नारे

करंट क्राइम। सोमवार को नगर निगम में कर्मचारी एकता के नारे नहीं थे, किसी के विरोध में नारे नहीं थे, लेकिन ये मौका था जब सरकार वाले दल के पार्षद ही एकजुट होकर आए थे और पार्षद एकता जिंदाबाद के नारे लगे। जब ये तय हुआ कि पार्षद एकजुट रहेंगे और टैक्स बढ़ोत्तरी का विरोध करेंगे तो यहां पार्षद एकता जिंदाबाद के नारे लगे। खास बात ये थी कि पार्षद एकता को बुलंद आवाज में जिंदाबाद कर रहे अधिकांश पार्षद भाजपा के थे।



### पार्षद बोले- 50 परसेंट का लोलीपोप नहीं हो स्वीकार

करंट क्राइम। पार्षदों को लग रहा है कि उनके साथ छल हो गया है। पार्षद गौरव सोलंकी ने कहा कि वीडियो रिकॉर्डिंग निकलवायी जाए, हमने तीन बार निरस्त, निरस्त, निरस्त कहा था और अधिकारी इसे स्थगित होना बता रहे हैं। पार्षद प्रवीण भाटी ने कहा कि अधिकारियों ने हमसे कहा था कि चार गुणा टैक्स नहीं बढ़ेगा और हम इसलिये चुप रहे। लेकिन अब सूत्र बताते हैं कि पार्षद किसी भी लोलीपोप को स्वीकार करने के मूड में नहीं है। सूत्र बताते हैं कि पार्षदों ने साफ कह दिया है कि हम 50 परसेंट ऑफ वाले लोलीपोप को स्वीकार नहीं करेंगे। उनका कहना है कि यह छूट हाउस टैक्स पर है, लेकिन इससे बढ़ा हुआ टैक्स लागू हो जाएगा। इसलिये हम छूट वाले किसी भी ऑफर को स्वीकार नहीं करेंगे।

### पार्षदों ने कहा- वीडियो किया जाए सार्वजनिक



करंट क्राइम। नगर निगम में सोमवार को पार्षदों ने मोर्चा खोला और सबसे खास बात ये थी कि टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध वाले फ्रंट पर भाजपा पार्षद रहे। भाजपा पार्षद राहुल शर्मा, पार्षद पति तथा पूर्व पार्षद मनोज गोयल, निगम पार्षद गौरव सोलंकी टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर विरोध में गरजे। सभी ने एक सुर में विरोध किया और मीटिंग इस बात के साथ खत्म हुई कि पहले वाले वीडियो निकाले जाएं और उन्हें सार्वजनिक किया जाए ताकि सबको पता चले कि बैठक में क्या कहा गया था, क्या तय हुआ था और बाद में क्या फैसला हुआ।

# हाउस टैक्स बढ़ाए जाने के विरोध में निगम पार्षदों ने रखी जनता के पक्ष में अपनी राय

### तीन गुणा हाउस टैक्स बढ़ाकर जनता पर डाला बोझ : शिल्पा चौधरी



करंट क्राइम। पार्षद शिल्पा चौधरी ने हाउस टैक्स बढ़ोतरी पर अपनी असहमति जताई है। उनका कहना है कि तीन गुना हाउस टैक्स बढ़ाने से जनता पर बहुत अधिक बोझ पड़ता है और यह गलत है। उन्होंने नगर निगम से आग्रह किया है कि हाउस टैक्स में बढ़ोतरी को तुरंत वापस लिया जाए और पार्षदों और जनता की राय से कुछ प्रतिशत हाउस टैक्स बढ़ाया जाए। शिल्पा चौधरी ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम के कर्मचारी काम करने में बहुत समय लेते हैं और क्षेत्र में गंदगी पड़ी रहती है। उन्होंने सुझाव दिया है कि नगर निगम को वीआईपी मूवमेंट के लिए अलग से टीम गठित करनी चाहिए ताकि क्षेत्र की जनता का काम सुचारू रूप से चलता रहे।

### हाउस टैक्स अधिकारियों की मनमानी का नतीजा : भूपेंद्र उपाध्याय



करंट क्राइम। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने हाउस टैक्स बढ़ोतरी की निंदा की है और इसे अधिकारियों की मनमानी का नतीजा बताया है। उनका कहना है कि जब सदन में डीएम सर्किल रेट पास नहीं हुआ था, तो हाउस टैक्स बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं था। तीन गुना हाउस टैक्स बढ़ने से जनता पर बहुत अधिक बोझ पड़ता है और यह कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि सदन में डेढ़ प्रतिशत बढ़ोतरी की बात हुई थी, लेकिन अधिकारियों ने मनमाने ढंग से तीन गुना बढ़ोतरी कर दी। पार्षद बोले हम जनता के साथ खड़े होने की बात कही है और आश्वस्त किया है कि वे इस मुद्दे पर जनता के साथ हैं।

### हाउस टैक्स में बढ़ोतरी जनता के साथ विश्वासघात : राहुल शर्मा



करंट क्राइम। पार्षद राहुल शर्मा ने हाउस टैक्स बढ़ोतरी को जनता के साथ विश्वासघात बताया है। उनका कहना है कि बिना किसी चर्चा के हाउस टैक्स बढ़ा दिया गया है और न ही पार्षदों और जनप्रतिनिधियों से इस पर बात की गई है। राहुल शर्मा ने इसका घोर विरोध किया है और महापौर से निवेदन किया है कि इसे तुरंत वापस लिया जाए ताकि क्षेत्र की जनता पर बोझ न पड़े। उन्होंने बताया कि जैसे ही लोगों को बढ़े हुए हाउस टैक्स के बिल मिले हैं, वैसी ही लोग पार्षद कार्यालय पहुंचकर अपनी नाराजगी जता रहे हैं। पार्षद राहुल शर्मा ने कहा कि हाउस टैक्स में इस तरह की बढ़ोतरी से जनता पर बहुत अधिक बोझ पड़ता है।

### जनता इस अत्याचार को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी : संजय सिंह



पार्षद संजय सिंह ने हाउस टैक्स बढ़ोतरी की निंदा की है और इसे अनियंत्रित बताया है। उनका कहना है कि जनता इस बढ़ोतरी को कभी स्वीकार नहीं करेगी। संजय सिंह ने सुझाव दिया है कि नगर निगम ने हाउस टैक्स में 20% की कटौती करनी चाहिए, बजाय इसके कि 20% की छूट दी जाए जो कि जमा करने पर मिलेगी। उनका कहना है कि जनता को छूट नहीं चाहिए, बल्कि हाउस टैक्स में सीधे 20% की कटौती होनी चाहिए।

### बिना सदन में पास किए टैक्स क्यों बढ़ाया गया : राधेश्याम त्यागी



करंट क्राइम। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने हाउस टैक्स बढ़ोतरी की घोर निंदा करते है और कहा है कि वे जनता के साथ हैं। नगर निगम के अधिकारियों ने अपनी मनमानी करके हाउस टैक्स बढ़ाया है, जो कि सदन में पास भी नहीं हुआ है। राधेश्याम त्यागी ने कहा कि वे इस बढ़ोतरी को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे, और इसके लिए जो भी करना पड़ेगा, करेंगे। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि उन्होंने जनता पर बोझ डालने के लिए हाउस टैक्स बढ़ाया है, जो कि पूरी तरह से गलत है।

### नगर निगम नहीं दे रहा पर्याप्त सुविधाएं, फिर टैक्स बढ़ोतरी क्यों : अभिनव जैन



करंट क्राइम। पूर्व पार्षद अभिनव जैन ने बताया कि नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स बढ़ोतरी की निंदा की है और कहा है कि नगर निगम ने इंदिरापुरम में हाउस टैक्स तीन गुना बढ़ा दिया है, जो कि पूरी तरह से अनुचित है। उनका कहना है कि नगर निगम जनता को पर्याप्त सुविधाएं नहीं दे रहा है, लेकिन हाउस टैक्स में भारी बढ़ोतरी कर दी है। अभिनव जैन ने कहा कि वे बढ़े हुए टैक्स को कम करने के लिए आंदोलन करने के लिए भी तैयार हैं। उनका कहना है कि टैक्स बढ़ोतरी सुविधा के अनुसार होनी चाहिए, न कि मनमाने ढंग से। उन्होंने नगर निगम पर आरोप लगाया है कि उसने जनता पर बोझ डालने के लिए हाउस टैक्स बढ़ाया है, जो कि कभी सहन नहीं होगा।

### अधिकारियों की तानाशाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : राजीव भाटी



करंट क्राइम। पार्षद राजीव भाटी ने कहा कि नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स बढ़ोतरी की गई, बिल्कुल गलत बताया है। और कहा है कि जनता पर इस तरह का बोझ नहीं डालना चाहिए। उनका कहना है कि जब सदन में हाउस टैक्स बढ़ोतरी का बिल पास नहीं हुआ था, तो अधिकारियों ने इसे कैसे बढ़ा दिया। राजीव भाटी ने कहा कि वे बढ़े हुए हाउस टैक्स का विरोध करते हैं और अधिकारियों की तानाशाही को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि वे हमेशा जनता के साथ खड़े रहे हैं और आगे भी रहेंगे। उनका कहना है कि हाउस टैक्स बढ़ोतरी में अधिकारियों की तानाशाही का नजारा देखने को मिला है, जो कि कभी स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### बिना जनप्रतिनिधियों की सहमति के टैक्स बढ़ाना गलत : नरेश भाटी



करंट क्राइम। पार्षद नरेश भाटी ने कहा कि नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स बढ़ोतरी को जनता के साथ छलावा बताया है। उनका कहना है कि बिना पार्षदों और जनप्रतिनिधियों की असहमति के नगर निगम ने हाउस टैक्स बढ़ा दिया है, जो कि गलत है। नरेश भाटी ने कहा कि तीन गुना हाउस टैक्स बढ़ाना जनता पर बहुत बड़ा बोझ है और यह कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनका कहना है कि हाउस टैक्स बढ़ोतरी जनता की सहनशक्ति के अनुसार होनी चाहिए, लेकिन नगर निगम के अधिकारियों ने मनमाने ढंग से बढ़ोतरी की है ।पार्षद ने कहा कि वे जनता के साथ खड़े हैं और बढ़े हुए टैक्स के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने के लिए भी तैयार हैं। उनका कहना है कि वे किसी भी हालत में बढ़े हुए टैक्स को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## संपादकीय

# फिजूल का विवाद

आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी और ऑपरेशन सिंदूर के बारे में दुनिया को बताने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का सरकार का फैसला विवादों में घिर गया है। आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी और ऑपरेशन सिंदूर के बारे में दुनिया को बताने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का सरकार का फैसला जितना सराहनीय है, उतना ही दुर्भाग्यपूर्ण है इसका विवादों में घिर जाना। देश की सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़े विषय पर राजनीति किसी के हित में नहीं है। पाक को घेरने की नीति: पहलगाम में आतंकियों की नृशंसता के बावजूद जवाब देते हुए भारत ने जिस तरह संयम बरता, उसकी तारीफ सभी कर रहे हैं। पाकिस्तान की तरफ से उकसावे वाले कदमों के बाद भी भारत की प्रतिक्रिया सधी, सटीक और नियंत्रित रही। हिंदुस्तान ने पाकिस्तान को जवाब ही नहीं दिया, उसकी असलियत भी दुनिया के सामने ला दी है। इस्लामाबाद के बचे हुए सपोर्ट सिस्टम को खत्म करने और भारत की चिंता और स्टैंड से दुनिया को वाकिफ कराने के लिए सरकार की ओर से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में भेजे जाएंगे। मकसद पर सवालऑपरेशन सिंदूर के दौरान सभी दलों ने सरकार और सेना के प्रति समर्थन जताया था। सरकार ने भी उसी भावना का सम्मान करते हुए सभी दलों से सांसदों को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है। लेकिन कांग्रेस के सदस्यों, खासकर सांसद शशि थरूर को लेकर हो रहा विवाद बिल्कुल अनचाहा है। इससे एक अच्छा मकसद नकारात्मक खबरों में घिर गया है।

कहां गई एकजुटता कांग्रेस ने थरूर का नाम नहीं भेजा था, सरकार ने उन्हें अपनी तरफ से शामिल कर लिया। जिनके नाम कांग्रेस ने दिए थे, उनमें से सिर्फ आनंद शर्मा चुने गए। कांग्रेस का आरोप है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मसले पर इखढ ओछी राजनीति कर रही है। वहीं, कांग्रेस के भेजे नामों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। यह तस्वीर उससे बिल्कुल अलग है, जब सारे दल आतंकवाद के खिलाफ जंग में एकजुट नजर आ रहे थे। विवाद नहीं, संवाद चाहिए थरूर पहले संयुक्त राष्ट्र में काम कर चुके हैं, विदेश राज्य मंत्री रह चुके हैं। उनके अनुभव का फायदा निश्चित रूप से डेलिगेशन को मिलेगा। हालांकि कांग्रेस को लगता है कि उसके सांसद को चुनने से पहले उससे पूछा जाना चाहिए था। इस अपेक्षा को गलत नहीं कहा जा सकता। मगर इसे विवाद का मुद्दा बनाने से बचा जा सकता था। अच्छा होता कि सत्ता पक्ष और विपक्ष सार्वजनिक आरोप-प्रत्यारोप के बजाय सीधे आपस में बात करते। राजनीति से ऊपर शशि थरूर और कांग्रेस के रिश्ते पिछले कुछ समय से ठीक नहीं रहे हैं। लेकिन यह एक सांसद और उसकी पार्टी के बीच का मसला है। यहां जो मुद्दा सामने है, वह देश से जुड़ा है। इसमें सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सोचना चाहिए।

# शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद आईटी शेयरों और कमजोर वैश्विक रुझानों का असर



**नई दिल्ली।** तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 271.17 अंक या 0.33 प्रतिशत गिरकर 82,059.42 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 366.02 अंक या 0.44 प्रतिशत गिरकर 81,964.57 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 74.35 अंक या 0.30 प्रतिशत गिरकर 24,945.45 पर आ गया। बीएसई सेंसेक्स में सोमवार को 271 अंक की गिरावट दर्ज की गई। यह लगातार दूसरा दिन रहा जब आईटी शेयरों में बिकवाली और मूडीज रेटिंग्स द्वारा अमेरिका की रेटिंग घटाए जाने के बाद वैश्विक बाजारों में कमजोरी का रुख देखने को मिला। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 271.17 अंक या 0.33 प्रतिशत गिरकर 82,059.42 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 366.02 अंक या 0.44 प्रतिशत गिरकर 81,964.57 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 74.35 अंक या 0.30 प्रतिशत गिरकर 24,945.45 पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों का कैसा रहा हाल सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक और अडानी पोर्ट्स पिछड़ गए। पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक और इंडसइंड बैंक लाभ में रहे। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, कारोबारी सत्र के अधिकांश समय बाजार नकारात्मक दायरे में रहा, क्योंकि एशियाई और यूरोपीय सूचकांकों में कमजोरी के कारण निवेशकों ने आईटी, पूंजीगत सामान और तेल एवं गैस शेयरों में मुनाफावसूली का सहारा लिया।

### यूरोपीय बाजारों में गिरावट

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग नीचे बंद हुए, जबकि शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक ऊपर बंद हुआ। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.41 प्रतिशत गिरकर 65.14 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 8,831.05 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी खरीदी। शुक्रवार को सेंसेक्स 200.15 अंक या 0.24 प्रतिशत गिरकर 82,330.59 पर बंद हुआ। निफ्टी 42.30 अंक या 0.17 प्रतिशत गिरकर 25,019.80 पर बंद हुआ।

# भारत, मालदीव ने 13 समझौता ज्ञापनों पर किए हस्ताक्षर



**नई दिल्ली।** भारत ने मालदीव के साथ 13 सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत द्वीपीय देश में नौका सेवाएं बढ़ाने के लिए 100 मिलियन एमवीआर अनुदान दिया जाएगा। भारत ने मालदीव के साथ 13 सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत द्वीपीय देश में नौका सेवाएं बढ़ाने के लिए 100 मिलियन एमवीआर अनुदान दिया जाएगा। जिससे समुद्री संपर्क का विस्तार होगा और सामुदायिक आजीविका में सुधार होगा। हस्ताक्षरित सहमति पत्र भारतीय अनुदान सहायता योजना-उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजना (एचआईसीडीपी) चरण क्क्क के तहत कार्यान्वित की जाने वाली परियोजनाओं के लिए हैं। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हस्ताक्षर समारोह विदेश मंत्रालय में हुआ, जो दोनों देशों के बीच लगातार मजबूत होती साझेदारी में एक और मील का पत्थर साबित हुआ।

# अब भारत में छोटे उद्योगों को लाभ, ब्रिटेन के साथ भारतीय परिधान का बढ़ेगा कारोबार

**नई दिल्ली।** भारत की ओर से बांग्लादेश की कुछ वस्तुओं के आयात पर लगे प्रतिबंध से देश के छोटे और मझोले उद्योगों (एमएसएमई) को फायदा होगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटीव (जीटीआरआई) ने कहा, इस फैसले से घरेलू रेडीमेड गारमेंट उद्योग को अपनी प्रतिस्पर्धा बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत ने 17 मई को बांग्लादेश से 77 करोड़ डॉलर के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। यह द्विपक्षीय आयात का 42 फीसदी है। 61.8 करोड़ डॉलर मूल्य के रेडीमेड गारमेंट्स को अब केवल दो भारतीय बंदरगाहों के जरिये ही भेजा जा सकेगा। इससे बांग्लादेश के लिए सबसे मूल्यवान निर्यात चैनल पर गंभीर प्रतिबंध लग गया है।



रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय कपड़ा कंपनियां लंबे समय से बांग्लादेशी निर्यातकों को मिल रही प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त का विरोध करती रही हैं, जो शुल्क मुक्त चीनी कपड़ा आयात और निर्यात सब्सिडी से लाभान्वित होते हैं। इससे उन्हें भारतीय बाजार में 10-15 फीसदी मूल्य लाभ मिलता है। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के उपाध्यक्ष ए शक्तिवेल ने कहा, यह प्रतिबंध भारत सरकार का यह अच्छा निर्णय है। इससे घरेलू उद्योग को लाभ होगा।

### ब्रिटेन के साथ भारतीय परिधान का बढ़ेगा कारोबार

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार, ब्रिटेन के साथ भारत के परिधान और घरेलू वस्त्र व्यापार में वृद्धि होने की उम्मीद है। भारत और ब्रिटेन के बीच हाल ही में संपन्न एफटीए के कारण अगले 5-6 वर्षों में ब्रिटेन के साथ भारत का परिधान और घरेलू वस्त्र व्यापार अपने वर्तमान स्तर से दोगुना होने की उम्मीद है। इस समझौते के तहत भारत 90 प्रतिशत ब्रिटिश वस्तुओं पर टैरिफ कम करेगा, जबकि 85 प्रतिशत दस साल की अवधि में पूरी तरह से शुल्क मुक्त हो जाएंगे। बदले में, ब्रिटेन ने कुछ उत्पादों पर अपने टैरिफ कम करने पर सहमति जताई है, जिसके परिणामस्वरूप भारत से ब्रिटेन को किए जाने वाले 99 प्रतिशत निर्यात पर कोई शुल्क नहीं लगेगा।

### भारत को बातचीत के लिए खुला रखना चाहिए दरवाजा

रिपोर्ट में कहा गया है कि बांग्लादेश भले ही चीन के साथ नजदीकियां बढ़ा रहा है, लेकिन भारत को बातचीत के लिए दरवाजा बंद नहीं करना चाहिए। बड़े पड़ोसी और क्षेत्रीय शक्ति के रूप में भारत पर धैर्य के साथ नेतृत्व करने, संवाद को खुला रखने और व्यापार को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने से बचने की बड़ी जिम्मेदारी है।

### भारत ब्रिटेन का 12वां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार

भारत वर्तमान में ब्रिटेन का 12वां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। परिधान और घरेलू वस्त्रों के आयात में यह पांचवें स्थान पर है। 2024 में ब्रिटेन द्वारा भारत से आयातित परिधान और घरेलू वस्त्रों का मूल्य 1.4 अरब डॉलर था। अमेरिका और यूरोपीय संघ भारतीय परिधान और घरेलू वस्त्र निर्यातकों के लिए प्रमुख निर्यात बाजार बने रहेंगे, जिनकी वर्ष 2024 में 61 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया का 70% उपयोग किए जाने वाले मसाले भारत में ही तैयार होते हैं।
- एक गधा रेत के दलदल में डूब सकता है परंतु एक खच्चर नहीं रुक सकता है।
- इंसानो की तरह तोते भी मोटापे की बीमारी का शिकार होते हैं।
- जब बच्चा पैदा होता है तो उस समय माँ को होने वाला दर्द एक साथ
- हड्डियां टूटने के बराबर होता है।
- कोई भी व्यक्ति अपनी सांस रोककर अपने आप को नहीं मार सकता।
- आपने प्लास्टिक सर्जरी सुनी होगी जी, हां इसका भी अविष्कार भारत में ही किया गया था।
- सन 1839 में दुनिया की पहली सेल्फी ली गई थी।
- दुनिया का सबसे ज्यादा हथियार खरीदने वालों देशों में भारत प्रथम स्थान पर हैं।
- सबसे बड़ा हिमपात खंड बर्फ गिरते समय बर्फ का टुकड़ा 15 इंच चौड़ा और 8 इंच मोटा हो सकता है।
- विश्व के सिर्फ 11 प्रतिशत लोग ही बाएं हाथ का इस्तेमाल करते है।




## राशिफल

**मेष:** आज आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। जीवनसाथी आपकी हर बात को समझने की कोशिश करेंगे।

**वृष:** रोजमर्रा के कार्यों से आपको फायदा होगा। आज आप कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोचेंगे। आज आपको कई नए काम करने के मौके मिलेंगे।

**मिथुन:** आपको कुछ नए मौके मिलने की संभावना बन रही है। सबके साथ मिल कर किये गए कामों से आपको सफलता मिलेगी ।

**कर्क:** आप कोई नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच कर सकते हैं, लेकिन सीनियर्स मी मदद से कार्यों को आसानी से पूरा भी कर लेंगे।

**सिंह:** छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं। आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए।

**कन्या:** नए कार्यों में आपको भाग्य का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। लेखन के क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

**तुला:** आज आपके सभी काम मन-मुताबिक पूरे होंगे, लेकिन जरूरत से ओवरकॉन्फिडेंस करने से बचना चाहिए।

**वृश्चिक:** आज आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहतर रहने वाला है। आपके परिवार में सुख-सौभाग्य बना रहेगा ।

**धनु:** दोस्तों के साथ दोस्ती और मजबूत होगी। कारोबारियों को उम्मीद से ज्यादा लाभ होगा। आज आपको ऑफिस में अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा।

**मकर:** कोई बड़ा और अलग काम करने से आपको बचना चाहिए। आज आपको किसी भी मामले को बातचीत और शांति से सुलझाने की कोशिश करनी चाहिए।

**कुंभ:** आपकी कई योजनाएं समय से पूरी होंगी। परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता मिलेगी।

**मीन:** फिलॉसफी के स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको अपने कार्यों को पूरा करने में पुरानी कंपनी का अनुभव आपको काम आएगा।

## चुटकुले

पत्नी- क्या तुम मुझसे प्यार करते हो...?
पति- हां...!
पत्नी- लेकिन तुम्हें तो मेरी कोई परवाह ही नहीं है...!
पति- प्यार करने वाले किसी की परवाह नहीं करते...!

संता को मच्छर ने काट लिया
संता भी मच्छर को मारने के लिए
रातभर कमरे में दौड़ता रहा।
सुबह हो गई,
लेकिन संता मच्छर को नहीं मार पाया।
तभी संता बोला
-चलो मार नहीं पाया तो क्या हुआ?
साले को रातभर मैंने सोने भी नहीं दिया !

संता- भीगा सा लगता है आलम मुझे,
भीगी सी लगती है सुबह मुझे,
भीगा लग रहा है सारा जहां मुझे!!
बंता- उठ साले, बिस्तर पर सु-सु कर दिया है तूने।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# 90 मीटर पार करने वाले नीरज की गगन नारंग ने की तारीफ, कहा- मानसिक बाधा दूर हुई, अब वह स्वतंत्र

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग का मानना है कि 90 मीटर की मानसिक बाधा को पार करने के बाद स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा अब अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे ताकि वह ऐसे कार्य कर सकें जिन्हें पहले उनकी पहुंच से बाहर माना जाता था। नीरज ने शुक्रवार को दोहा डाइमंड लीग में 90.23 मीटर के प्रयास से 90 या इससे अधिक दूरी तक भाला फेंकने वाले खिलाड़ियों की एलीट सूची में जगह बनाई।





### 'अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्र'

नारंग ने कहा, 'अब वह अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्र हैं। एक सीमा, वह मानसिक बाधा जो शायद कुछ समय से उनके दिमाग में चल रही थी, अब टूट गई है।' नीरज हालांकि दोहा में जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे जिन्होंने 91.06 मीटर के प्रयास से पहला स्थान हासिल किया। नारंग ने इस उपलब्धि को भारतीय एथलेटिक्स के लिए बेहद शानदार बताया और इसके व्यापक महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, 'यह केवल दूरी के बारे में नहीं है। यह भारतीय खेल के लिए क्या संभव है इसे फिर से परिभाषित करने के बारे में है, विशेषकर वैश्विक मंच पर। यह उनके लिए सत्र की पहली प्रतियोगिता थी। कई और प्रतियोगिताएं होने वाली हैं। इसलिए उस बाधा को तोड़ना महत्वपूर्ण है, मुझे लगता है कि सही समय पर सही स्कोर प्राप्त करना महत्वपूर्ण है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि इस उपलब्धि को आगे बढ़ाने के लिए नीरज के लिए यह आत्मविश्वास बेहद महत्वपूर्ण है।

### निशानेबाजी पर बोले गगन नारंग

लंदन ओलंपिक 2012 के कांस्य पदक विजेता ने प्रस्तावित निशानेबाजी लीग के बारे में आशा व्यक्त की जिसे नवंबर 2025 में शुरू किया जाना है। उन्होंने कहा, 'हम लंबे समय से एक लीग के बारे में सोच रहे हैं। भारतीय निशानेबाज बुंदेसलीगा में प्रतिस्पर्धा करने के लिए जर्मनी जाते हैं अब समय आ गया है कि हम कुछ अलग करें।'

# मनिका और मानव का विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में जलवा बरकरार, दोनों दूसरे दौर में पहुंचे





**नई दिल्ली।** भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने रविवार को यहां सीधे गेम में जीत के साथ विश्व चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश किया जबकि मानव ठक्कर ने भी अपने एकल अभियान की आत्मविश्वास से भरी शुरूआत की।

22वीं वरीयता प्राप्त मनिका ने महिला एकल मुकाबले में नाइजीरिया की फातिमा बेलो पर 4-0 (11-5, 11-6, 11-8, 11-2) से शानदार जीत दर्ज की। यह मुकाबला सिर्फ 24 मिनट तक चला। अंतिम 64 दौर में उनके सामने कोरिया की पार्क गाहियोन की चुनौती होगा। भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष एकल खिलाड़ी मानव ठक्कर ने भी शानदार शुरूआत करते हुए पहले दौर में न्यूजीलैंड के टिमोथी चोई को 4-1 (11-3, 11-8, 6-11, 11-7, 14-12) से हराया। 18 साल के अंकुर भट्टाचार्जी का सफर हालांकि शुरूआती दौर में खत्म हो गया। वह पुरुष एकल में हांगकांग के लैम सियू हैंग से 1-4 (11-4, 7-11, 9-11, 10-12, 8-11) से हार गये।

युगल मुकाबले में नौवीं वरीयता प्राप्त मानुष शाह और दीया चिताले की जोड़ी ने अल्जीरिया के मेहदी बौलोसा और मालिसा नासरी पर 3-0 (11-2, 11-7, 11-6) से एकतरफा जीत दर्ज की। हरमीत देसाई और जी साथियान की पुरुष युगल जोड़ी को हालांकि ऑस्ट्रिया के मैसीज कोलोडिजिक और मोल्दोवा के व्लादिस्लाव उर्सु से 1-3 (9-11, 12-10, 14-16, 10-12) से हार का सामना करना पड़ा। देसाई को मिश्रित युगल में भी यशस्विनी घोरपड़े के साथ मिलकर हार का सामना करना पड़ा। 14वीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी फ्रांस के थिबॉल्ट पोरेट और लीना होचार्ट के खिलाफ 2-0 की बढ़त का फायदा उठाने में विफल रही। भारतीय जोड़ी ने तीन मैच प्वाइंट भी गंवाते हुए 2-3 (11-8, 11-6, 10-12, 8-11, 10-12) से हार गई।

# अल्कारेज ने सिनर को हराकर इटैलियन ओपन का खिताब जीता, अब फ्रेंच ओपन के लिए पेश करेंगे दावेदारी

**इटली।** दुनिया में मौजूदा समय में सिर्फ एक ही टेनिस खिलाड़ी है जो शीर्ष वरीय यानिक सिनर को पुरुष एकल में लगातार शिकस्त दे रहा है। इस खिलाड़ी का नाम है कार्लोस अल्कारेज। रविवार को भी इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में अल्कारेज ने सिनर को 7-6 (5), 6-1 से हरा दिया। इसी के साथ अल्कारेज ने अपना पहला इटैलियन ओपन का खिताब जीत लिया। इस जीत के साथ ही अल्कारेज ने क्ले-कोर्ट का एक बड़ा खिताब अपने नाम किया। अब वह आगामी फ्रेंच ओपन जीतने के लिए पसंदीदा माने जा रहे हैं।





### अल्कारेज सिनर को लगातार चार बार हरा चुके

पिछले साल की शुरूआत से लेकर अब तक अल्कारेज ही एकमात्र टेनिस खिलाड़ी हैं जिन्होंने सिनर को एक से ज्यादा बार हराया है। वह अब तक लगातार चार बार ऐसा कर चुके हैं। फोरो इटालिको कोर्ट में सिनर के घरेलू प्रशंसकों के सामने स्पेन के अल्कारेज की जीत ने बताया कि क्यों उन्हें आने वाले समय का चैंपियन माना जाता है। इसी के साथ सिनर के लगातार 26 मैचों में जीत का सिलसिला भी टूट गया। सिनर अक्तूबर से लगातार जीतते आ रहे थे। इस मैच से पहले पिछली बार उन्हें चाइना ओपन में हार मिली थी और तब भी अल्कारेज ने उन्हें फाइनल में तीसरे सेट के टाईब्रेकर में हराया था।

अल्कारेज और सिनर के बीच अब तक 11 मुकाबले खेले गए हैं और स्पैनिश खिलाड़ी ने सात और सिनर ने चार मैच जीते हैं। इटैलियन ओपन का खिताब नहीं जीत पाने के बाद सिनर थोड़े निराश दिखे। हालांकि, तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध के बाद यह उनका पहला टूर्नामेंट था। वहीं, अल्कारेज ने अगले रविवार से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन में अपने खिताब का बचाव करने के लिए पसंदीदा के रूप में अपनी स्थिति को भी मजबूत किया। 2024 के फ्रेंच ओपन फाइनल में अल्कारेज ने जर्मनी के ज्वेरेव को पांच सेट तक चले मुकाबले में 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 से हराया था।

# बोर्डो चैलेंजर का खिताब नहीं जीत सकी भांबरी-गैलोवे की जोड़ी, कैब्राल-मिडलर ने दी मात



**नई दिल्ली।** भारत के युकी भांबरी और अमेरिका के उनके जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे रविवार को बोर्डो में एटीपी चैलेंजर स्पर्धा के रोमांचक खिताबी मुकाबले की चुनौती से निपटने में नाकाम रहे और खिताब जीतने से चूक गए। भांबरी और गैलोवे से फाइनल में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन दूसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा। भारतीय और अमेरिकी खिलाड़ियों की जोड़ी पुर्तगाल के फ्रांसिस्को कैब्राल और ऑस्ट्रिया के लुकास मिडलर की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 6-7(1), 6-7(2) से हार गई। इससे पहले, भांबरी और गैलोवे की जोड़ी ने सेमीफाइनल में राफेल माटोस और मासेलो मेलो की तीसरी वरीय ब्राजीली जोड़ी को हराया था। भारत के एन श्रीराम बालाजी और सुमित नागल इस क्ले कोर्ट टूनार्मेंट का हिस्सा थे लेकिन वे अपने-अपने मुकाबलों में अलग-अलग चरणों में हार गए।

# हैंडबॉल : फेडरेशन कप में खेलेंगी मजदूरों की बेटियां, किसी ने नेशनल खेला, कोई है फॉरवर्ड खिलाड़ी

**वाराणसी।** वाराणसी के ग्रमीण क्षेत्र के मजदूर की बेटियों का हैंडबॉल की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता फेडरेशन कप के लिए चयन हुआ है। इसमें हिस्सा लेने के लिए चयनित चारों खिलाड़ी गोरखपुर शिविर में अभ्यास कर रहीं हैं।



36वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला-पुरुष फेडरेशन कप हैंडबॉल प्रतियोगिता गोरखपुर में 23 से 26 मई तक खेली जाएगी। प्रादेशिक टीम के शिविर में मजदूरों की बेटियां वाराणसी की रेशमा यादव, नैना यादव, उषा प्रजापति और सुमन यादव शामिल हैं।

चारों खिलाड़ी राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। वे बाबू आरएन सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परमानंदपुर में डॉ. आशा सिंह की देखरेख में अभ्यास करती हैं।

वाजिदपुर निवासी सुमन यादव तीन नेशनल खेल चुकी हैं। उनके पिता राजगीर मिस्त्री हैं। उन्हें विपक्षी खिलाड़ी को छकाते हुए जंप लेकर तेज शॉट मारने में महारत है।

चमाव निवासी रेशमा यादव खेलो इंडिया यूथ नेशनल में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। एकलव्य पुरस्कार से सम्मानित तीन नेशनल खेल चुकी हैं। पिता ठेकेदारी करते हैं।

नैना यादव राष्ट्रीय खेलो के अलावा तीन राष्ट्रीय प्रतियोगिता और फेडरेशन कप में उत्तर प्रदेश की तरफ से खेल चुकी हैं। फॉरवर्ड खिलाड़ी के पिता राजगीर मिस्त्री है। हटिया निवासी उषा प्रजापति तीन नेशनल खेल चुकी हैं। उषा के पिता मिट्टी निकलने का काम करते हैं। कई बार शानदार गोलकीपिंग कर उत्तर प्रदेश को पदक दिला चुकी हैं।

# गुजरात प्लेऑफ में पहुंची, दिल्ली को 10 विकेट से हराया; साई सुदर्शन-शुभमन ने मचाया धमाल

**मुंबई।** साई सुदर्शन और शुभमन गिल की रिकॉर्ड साझेदारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 10 विकेट से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया। इसी के साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स भी प्लेऑफ में पहुंच गई हैं। अब चौथे स्थान के लिए लड़ाई जारी है। रविवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने केएल राहुल की शतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 199 रन बनाए। जवाब में गुजरात टाइटंस ने निर्धारित ओवर में एक भी विकेट गंवाए बगैर 205 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।



200 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात को साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने अच्छी शुरूआत दिलाई और अंत तक लय बरकरार रखी। दोनों के बीच 205 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। यह किसी भी ओपनिंग जोड़ी के द्वारा निभाई गई तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले गिल और सुदर्शन ने आईपीएल 2024 में 210 रन की साझेदारी निभाई थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए यह गुजरात की दूसरी सबसे बड़ी जीत है।

# टूनार्मेंट में हिस्सा लेने के लिए भारत के सामने गिड़गिड़ाया पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) चाहता है कि एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) भारत में 27 अगस्त से सात सितंबर तक होने वाले एशिया कप में भाग लेने के लिए उसके दल के लिए वीजा की गारंटी दे। यह जानकारी पीएचएफ के एक अधिकारी ने दी। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव के कारण राजगीर (बिहार) में होने वाले टूनार्मेंट में पाकिस्तान की भागीदारी गंभीर संदेह में है और हॉकी इंडिया (एचआई) ने कहा है कि वह इस मामले पर सरकार के परामर्श का इंतजार कर रहे हैं।



### हॉकी इंडिया ने क्या कहा?

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा, 'अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन हम इस मुद्दे पर सरकार के निदेर्शों का पालन करेंगे, जैसा कि पहले भी होता रहा है। हाल ही में पहलगाम में हुए बर्बर हमले और उसके बाद भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद हम अभी कुछ भी भविष्यवाणी नहीं कर सकते हैं।'

पीएचएफ अधिकारी ने कहा कि 2026 की शुरूआत में विश्व कप क्वालिफाइंग टूनार्मेंट होंगे, लेकिन एशिया कप क्वालिफाई करने का अच्छा मौका है। पाकिस्तान 2023 में भारत में आयोजित पिछले विश्व कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाया था। महाद्वीपीय टूनार्मेंट के 12वें सत्र में भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपे भाग लेने वाले हैं। पाकिस्तान को अगर भारत आने की अनुमति नहीं मिलती है, तो टूनार्मेंट का आयोजन सात टीमों या पाकिस्तान की जगह नई टीम के साथ हो सकता है। यह फैसला हालांकि पूरी तरह से एशियाई हॉकी महासंघ के हाथों में होगा। इससे पहले 2016 में पठानकोट ह्यएयर बेसह्व पर आतंकवादी हमले के कुछ महीने बाद भारत में आयोजित जूनियर विश्व कप में पाकिस्तान ने हिस्सा नहीं लिया था। इस टूनार्मेंट में मलयेशिया ने पाकिस्तानी टीम की जगह ली थी।

### एशिया कप इसलिए महत्वपूर्ण

पीएचएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एशिया कप पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले पुरुष विश्व कप के लिए क्वालिफाइंग टूनार्मेंट है। अधिकारी ने कहा, 'हम एशिया कप के जरीये विश्व कप में जाने का अवसर नहीं खोना चाहते हैं। इसलिए हमारा मानना है कि इसका एक समाधान यह हो सकता है कि इस आयोजन को भारत से स्थानांतरित कर दिया जाए या एएचएफ हमारी टीम के लिए वीजा की गारंटी दे।'

### एशियाई हॉकी महासंघ करेगा फैसला

हॉकी इंडिया के एक सूत्र ने कहा, 'सरकार अगर पाकिस्तान की टीम को भारत यात्रा करने की मंजूरी नहीं देती है तो वह भारत नहीं आएगा। यह सब उस समय सरकार की स्थिति पर निर्भर करता है।' अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'अभी यह अनुमान लगाना बहुत मुश्किल है कि ऐसी स्थिति में कोई नयी टीम शामिल की जाएगी या यह सात टीमों का टूनार्मेंट होगा। एशियाई हॉकी महासंघ इस पर फैसला लेगा।'

# मलेशिया मास्टर्स में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे सिंधू-प्रणय, बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और एचएस प्रणय मंगलवार से शुरू हो रहे मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। इन दोनों स्टार खिलाड़ियों से इस टूनार्मेंट में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म और फिटनेस की समस्या से जूझ रहे हैं। सिंधू और प्रणय ने सुदीरमन कप में इंडोनेशिया और डेनमार्क के खिलाफ अपने-अपने मुकाबले गंवाए थे।



### लय हासिल करने की कोशिश में सिंधू और प्रणय

सिंधू और प्रणय दोनों ही लय हासिल करने की जुगत में होंगे। विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज सिंधू अपने अभियान की शुरूआत जापान की नात्सुकी निदाइरा के खिलाफ करेंगी जो विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर हैं। विश्व रैंकिंग में 35वें स्थान पर खिसक चुके प्रणय को पहले दौर में जापान के पांचवें वरीय केंतो निशिमोतो की कड़ी चुनौती का सामना करना है। महिला एकल में 2024 हाइलो ओपन की उपविजेता मालविका बंसोड़ चीनी ताइपे की चियू पिन-चियान से भिड़ेंगी जबकि ताइपे ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली उन्नति हुड्डा का सामना भी चीनी ताइपे की ही लिन शियांग टी से होगा।

आकर्षी कश्यप को इंडोनेशिया की आठवीं वरीय पुत्री कुसुमा वरदानी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करना है। पुरुष एकल में 2023 ओडिशा मास्टर्स और 2024 गुवाहाटी मास्टर्स के चैंपियन सतीश करुणाकरण डेनमार्क के शीर्ष वरीय एंडर्स एंटोनसन से भिड़ेंगे। विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी का सामना कनाडा के ब्रायन यैंग से होगा जबकि प्रियांशु राजावत सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेंगे।

क्वालिफायर में किदांबी श्रीकांत, एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम और थारुण मन्नेपल्ली पुरुष एकल मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि अनमोल खरब और तस्नीम मीर महिला वर्ग में क्वालिफाई करने के इरादे से उतरेंगे। क्वालीफिकेशन दौर में भाग लेने वाले अन्य भारतीयों में मोहित जगलान और लक्षिता जगलान तथा शिवम शर्मा और पूर्विशा एस राम की जोड़ी शामिल है।

# तीन टीमों ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया

**मुंबई।** आईपीएल 2025 में रविवार को दो मैचों ने तीन टीमों के लिए प्लेऑफ का रास्ता साफ कर दिया। गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया है। वहीं, अब चौथे स्थान के लिए तीन टीमों के बीच टक्कर है। चार टीमें प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी हैं। हालांकि, प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने वाली टीमों का पायदान तय नहीं है और यह आगे के कुछ मुकाबलों के बाद तय हो जाएगा। जिन तीन टीमों के बीच चौथे स्थान के लिए टक्कर है, उनमें मुंबई इंडियंस, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स शामिल हैं। लखनऊ को आज सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच खेलना है और इस मैच में हार लखनऊ को प्लेऑफ की रेस से बाहर कर देगी। वहीं, प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली टीमों में राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स शामिल हैं।



### गुजरात, पंजाब और बेंगलुरु ने कैसे किया क्वालिफाई?

आरसीबी का कोलकाता के खिलाफ मुकाबला बारिश से धुल गया था। दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले थे। इससे बेंगलुरु के 12 मैचों में 17 अंक हो गए थे। इसके बाद रविवार को गुजरात ने दिल्ली को और पंजाब ने राजस्थान को हराकर दो-दो अंक बटोरे। इससे गुजरात के 12 मैचों में 18 अंक और पंजाब के 12 मैचों में 17 अंक हो गए। इन तीनों टीमों के अभी दो-दो और मैच बाकी हैं। ऐसे में ये टीमें 20 अंक का आंकड़ा भी पार कर सकती हैं। अन्य टीमों में सिर्फ मुंबई ही है जो 17 अंक को पार सकती है। दिल्ली अधिकतम 17 अंक तक पहुंच सकती है। वहीं, लखनऊ अधिकतम 16 अंक तक पहुंच सकती है। ऐसे में आरसीबी और पंजाब ने क्वालिफाई कर लिया।

बेंगलुरु ने पिछले छह सीजन में पांचवीं बार प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया है। वहीं, गुजरात ने पिछले चार सीजन में तीसरी बार प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया। हालांकि, यह पंजाब के लिए बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि टीम ने 11 वर्षों में पहली बार प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया। टीम ओवरऑल तीसरी बार प्लेऑफ में पहुंची है। श्रेयस आईपीएल में पहले कप्तान बन गए हैं, जिसने तीन टीमों को प्लेऑफ में पहुंचाया है। पंजाब से पहले वह दिल्ली के कप्तान (2019, 2020) रहते हुए और 2024 में कोलकाता के कप्तान रहते हुए प्लेऑफ में पहुंच चुके हैं।

# यमुना सिटी में 12000 करोड़ का निवेश, 9 कंपनियों से समझौता

## 22 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार




**नोएडा (करंट क्राइम)।** यमुना विकास प्राधिकरण ने देश-विदेश की 9 प्रमुख कंपनियों के साथ निवेश समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इन कंपनियों द्वारा यमुना सिटी में कुल 12 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। इस निवेश से 22 हजार से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

निवेश करने वाली कंपनियों में फ्यूजी सिल्वर्टेक कंक्रीट, टीआई मेडिकल, मिंडा कॉरपोरेशन, हैवेल्स इंडिया, वामा सुंदरी इन्वेस्टमेंट, एस्कॉर्ट कुबोटा, पाइन वैली वैचर्स और पॉली मेडिक्योर शामिल हैं। सभी कंपनियों ने भूमि आवंटन को अंतिम मंजूरी दे दी है।

यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह के अनुसार, ये कंपनियां निमार्णाधीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के समीप स्थापित की जाएंगी। जल्द ही इन परियोजनाओं पर काम शुरू होने की संभावना है। यह निवेश यमुना सिटी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# सैलून में क्रीम में थूक मिलाकर की मसाज

## कस्टमर से गंदी हरकत, पकड़े जाने पर बोला: मैंने पहले भी ऐसा किया





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** क्रीम में थूक मिलाकर मसाज करने का मामला सामने आया है। सैलून में काम करने वाला एक युवक कस्टमर के चेहरे पर क्रीम के साथ थूक मिलाकर मसाज कर रहा है। सैलून में एक कस्टमर मसाज कराने के लिए बैठा है। मसाज करने वाला युवक पहले कस्टमर के चेहरे पर पानी की बोतल से स्प्रे करता है। फिर अपने हाथ में थोड़ी-सी क्रीम लेता है। इसके बाद कस्टमर के बगल में ही खड़े होकर अपने क्रीम लगे हाथों पर थूकता है। एक ही बार नहीं, दोबारा फिर कस्टमर के पीछे खड़े होकर वह क्रीम पर थूकता है। इसके बाद उसी थूक मिली क्रीम से कस्टमर के चेहरे की मसाज करने लगता है। फिलहाल इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि ये वीडियो किसने बनाया? लेकिन मामला 18 मई, 2025 का बताया जा रहा है। इसी दिन वीडियो भी वायरल हुआ। इसके बाद पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए वीडियो की छानबीन की। सैलून का पता चलने पर 19 मई को आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह डासना की असलम कॉलोनी का रहने वाला है। अरशद ने अपना जुर्म कबूल भी कर लिया है। वेव सिटी के ड्रीम होम सेक्टर-5 में लेवल-अप नाम का सैलून है। इसे अरशद (24) चलाता है। गाजियाबाद पुलिस ने बताया- 18 मई को सोशल मीडिया के जरिए पुलिस को एक वीडियो मिला। इसमें दिख रहा था कि नाई का काम करने वाला एक युवक ग्राहक के मुंह पर जब मसाज कर रहा है, तो हाथों पर क्रीम लगाने के बाद वह उसमें थूक रहा है। छानबीन में पता करने पर यह वीडियो थाना वेव सिटी के सेक्टर-5 का निकला। यहां स्थित लेवल-अप नाम के सेलून में अरशद नाम का युवक इस तरह का काम कर रहा था।

# कौशांबी में ऑपरेशन सिंदूर के तहत निकाली गई तिरंगा यात्रा




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी में ऑपरेशन सिंदूर के तहत मिशन शक्ति अभियान द्वारा पिंक चौकी कौशांबी और उनके सहयोगिगण द्वारा कौशांबी सेंट्रल पार्क से राम चौक जयपुरिया मार्केट तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन करता रंजना झा और सुमन चौधरी द्वारा क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल और पिंक चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर दुष्यंत नीम सब इंस्पेक्टर देवेंद्र और उनकी टीम का स्वागत किया गया पार्षद द्वारा कार्यक्रम के आयोजको और कार्यक्रम में सभी लोगों का धन्यवाद किया गया बड़ी संख्या में लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया जिसने प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल सुमित कविता अल्पना नीलू सिंह अनीता नीति गुप्ता गुरविंदर कौर अनीता गौगिया पवन गुप्ता मनीष जैन गौरव वर्मा सुनील गांधी राजेंद्र गोयल एस आर सिंह अजय गुप्ता प्रेम प्रकाश गौगिया नीरज अनुराधा पाल जसपाल सिंह सुनील जैन साहित बड़ी संख्या मैं लोग उपस्थित रहे।

# विजय शाह को तत्काल मंत्री पद से बर्खास्त करे मध्यप्रदेश सरकार : महिला कांग्रेस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा सेना अधिकारी कर्नल सफि या कुरैशी पर की गई आपत्तिजनक, अमर्यादित और महिला विरोधी टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा करती है। यह बयान न सिर्फ महिलाओं की गरिमा पर सीधा हमला है, बल्कि देश की सेना और उन महिलाओं का भी अपमान है जिन्होंने राष्ट्र सेवा में अपना जीवन समर्पित किया है।

कर्नल सफि या कुरैशी, जो एक सम्मानित सैन्य अधिकारी हैं, उनके विरुद्ध मंत्री विजय शाह की टिप्पणी में छिपी मानसिकता भाजपा सरकार की महिला विरोधी सोच को उजागर करती है। महिला कांग्रेस स्पष्ट रूप से मांग करती है कि मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव, विजय शाह को तुरंत मंत्री पद से बर्खास्त करें और उनके खिलाफ तत्काल कानूनी कार्यवाही की जाए। हम मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय और भारत के सर्वोच्च न्यायालय का आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने इस मामले में संज्ञान लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए हैं। यह न्यायपालिका के प्रति विश्वास को और भी मजबूत करता है और यह दिखाता है कि कानून और संविधान के ऊपर कोई नहीं है

चाहे वह किसी भी पद पर क्यों न हो। भारतीय महिला कांग्रेस यह स्पष्ट करना चाहती है कि महिलाओं के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यदि भाजपा सरकार ने विजय शाह के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो महिला कांग्रेस राज्यभर में किए जा रहे विरोध प्रदर्शन को व्यापक जन आंदोलन का रूप देगी वो भी जब तक न्याय का हक नहीं मिल जाता।

# 8 फरार अपराधियों पर 20 से 25 हजार रुपए का इनाम घोषित

## पुलिस टीमें तलाश में जुटीं



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने जिले में विभिन्न मामलों में फरार चल रहे 8 अपराधियों पर इनाम घोषित किया है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। इनाम घोषित किए गए अपराधियों में अमरोहा के रहरा थाना क्षेत्र के जल्लोपुर निवासी सोनित, मुरादाबाद के मैनाठेर थाना क्षेत्र के लालपुर निवासी अनस और गुलमान, संभल के सराय तरीन निवासी अल्तमस, तिलहर के लालबाग सवार नगर निवासी आमिर शामिल हैं।

इन सभी पर 25-25 हजार रुपए का इनाम रखा गया है। इसके अलावा हापुड़ देहात थाना क्षेत्र के काठीखेड़ा निवासी विपिन, मेरठ के लिसाड़ी गेट क्षेत्र के खुशहाल नगर निवासी शहजाद और गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के नानपुर निवासी पर 20-20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। एसपी ने आम जनता से अपील की है कि इन अपराधियों के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# दबंगों ने छात्र को लाठी-डंडों से पीटा

## खून से लथपथ छात्र जमीन पर गिरा



**पीड़ित परिवार का कहना है कि पुलिस ने हल्की धाराओं में केस दर्ज किया**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में बीबीए की परीक्षा देकर घर जा रहे छात्र को नकाब लगाए 5-6 युवकों ने घेरकर डंडों से पीटा। पीड़ित छात्र खून से लथपथ हालत में जमीन पर गिर पड़ा। उसके बाद भी हमलावर डंडे बरसाते रहे।

घटना के वक्त अन्य छात्र भी वहां तमाशबीन बने रहे। यह घटना 15 मई की है। पुलिस ने हल्की धाराओं में केस दर्ज कर दो आरोपी पकड़े और थाने से छोड़ दिया। सोमवार को इस पूरी घटना की वीडियो सामने आया है।

**पुलिस ने सांठगांठ कर दो हमलावर छोड़े :** पीड़ित परिवार ने केस दर्ज किया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि पुलिस ने हल्की धाराओं में केस दर्ज किया है।

**मेडिकल रिपोर्ट आने पर होगी कार्रवाई : डीसीपी** - डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्र नाथ तिवारी का कहना है कि मारपीट के मामले में केस दर्ज किया गया है। मेडिकल रिपोर्ट नहीं आई है।

# नोएडा में गाड़ी और मोबाइल चोर गिरोह का भंडाफोड़

## 3 शातिर गिरफ्तार, स्कूटी-बाइक समेत 6 मोबाइल और चाकू बरामद



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा की थाना सेक्टर 39 पुलिस ने वाहन और मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की मदद से छलैरा कट स्थित स्टेलर ग्रीन पार्क के पीछे से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में विशाल उर्फ छोटू (राकेश चौहान का पुत्र), बबलू (नरेश का पुत्र) और कुंदन (राजकुमार का पुत्र) शामिल हैं। इनके पास से एक न्यू एक्टिवा डीएलएक्स स्कूटी (बिना नंबर प्लेट), दो मोटरसाइकिल, चोरी के 6 मोबाइल फोन और 3 अवैध चाकू बरामद हुए हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे खर्चे चलाने के लिए वाहन और मोबाइल चोरी करते हैं। चाकू का इस्तेमाल लोगों को डराने-धमकाने के लिए करते हैं। इन तीनों के खिलाफ पहले से ही छह से अधिक चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। फिलहाल तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# जेएमएसआईटी में 'बैटल ऑफ कारगिल - बैटल ऑफ माइंड' क्विज प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

## देशभक्ति, ज्ञान और नेतृत्व को प्रोत्साहित करने वाली पहल में 600 से अधिक छात्रों ने लिया भाग





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जेएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद द्वारा आयोजित 'बैटल ऑफ कारगिल : बैटल ऑफ माइंड' प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भव्य पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारतीय वायुसेना से सेवानिवृत्त वारंट ऑफिसर एवं इंडियन एक्स-सर्विसमैन के जॉइंट सेक्रेटरी मनवीर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन राकेश कुमार सिंघल, निदेशक प्रो. (डॉ.) अनिरुद्ध बिश्वास की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं समाज में सेना के प्रति सम्मान और जागरूकता को बढ़ावा देती हैं। चेयरमैन राकेश कुमार सिंघल ने मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य अतिथियों और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संस्थान सेना के पराक्रम को समाज तक पहुँचाने का प्रयास करता रहा है और करता रहेगा। संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) अनिरुद्ध बिश्वास ने कहा कि वैश्विक मंच पर भारत ने जो उपलब्धियाँ हासिल की हैं, उनमें सेना के तीनों अंगों का योगदान अमूल्य है।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और द्वितीय आने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य 600 प्रतिभागियों को मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन की व्यवस्था एडमिशन हेड अंकिता चौधरी, शिव शंकर पचौरी और उनकी टीम द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन परिसर प्रबंधक डॉ. गौरव शर्मा द्वारा प्रो. अनमोल कालरा के सहयोग से किया गया। समापन वक्तव्य में डॉ. गौरव शर्मा ने आयोजन की सफलता के लिए अंकिता चौधरी, शिव शंकर पचौरी, रोजगार अधिकारी तन्वी गौर तथा सभी शिक्षकों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

# फर्जी पुलिस आईडी से टोल टैक्स बचाने वाला गिरफ्तार

## वैगनर कार पर पुलिस लिखवाकर घूम रहा था आरोपी

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर पुलिस ने एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है, जो खुद को पुलिस अधिकारी बताकर टोल टैक्स से बचने का खेल खेल रहा था। आरोपी राहुल के पास से पुलिस ने फर्जी पुलिस आईडी कार्ड और एक वैगनर कार बरामद की है। कार पर पुलिस लिखा हुआ था।



सूरजपुर पुलिस रूटीन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक वैगनर कार को रोका गया, जिस पर पुलिस लिखा था। कार में बैठे व्यक्ति ने खुद को पुलिस कर्मी बताया। जब पुलिस ने उसका आईडी कार्ड चेक किया तो वह फर्जी निकला। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने एक ऐप के जरिए फर्जी आईडी कार्ड बनवाया था। वह इसका इस्तेमाल टोल प्लाजा पर टोल फ्री पास करने के लिए करता था। पुलिस ने आरोपी के पास से उत्तर प्रदेश पुलिस के उप-निरीक्षक राहुल राणा के नाम का फर्जी पहचान पत्र बरामद किया। 17 मई को जेवर टोल प्लाजा पर आरोपी ने इसी फर्जी आईडी का इस्तेमाल किया था। टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने भी इस बात की पुष्टि की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# समलैंगिक डेटिंग एप के जरिए लूटपाट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार

## कैश और आईफोन छीने





**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा पुलिस ने समलैंगिक डेटिंग एप के जरिए लूटपाट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ग्राइंडर एप पर लोगों से संपर्क कर उन्हें मिलने के लिए बुलाते थे। फिर हथियार दिखाकर उनसे पैसे और सामान लूट लेते थे। एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार के अनुसार, एक पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की।

पुलिस ने दक्ष, भूपेंद्र, जय राघव और हनी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि 17 अप्रैल को इन्होंने हर्ष नाम के व्यक्ति को स्टेलर जिमखाना के पास कार में बुलाया। फिर हथियार दिखाकर उसके फोन से 79,000 रुपए ट्रांसफर करवा लिए। इसमें से 64,000 रुपए का आईफोन खरीदा, 15,000 रुपए नकद लिए और 24,500 रुपए एक कैफे के बारकोड पर ट्रांसफर करवाए। गिरोह ने हाल ही में हापुड़ में भी एक व्यक्ति से 25,000 रुपए और सोने की चेन लूटी थी। आरोपी लूट का पैसा अपने शौक और घूमने-फिरने में खर्च कर देते थे। पुलिस गिरोह की अन्य वारदातों की जानकारी जुटा रही है।

# भाकियू का प्रदर्शन, राकेश टिकैत को धमकी और किसान की गिरफ्तारी पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं का विरोध



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ के ततारपुर गोल चक्कर पर भारतीय किसान यूनियन के सैकड़ों कार्यकताओं ने सोमवार को धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का मुख्य कारण किसान नेता राकेश टिकैत को मिली धमकी और एक किसान की गिरफ्तारी है। भाकियू के जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा और युवा जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर त्यागी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में किसानों ने थाना हाफिजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। राकेश टिकैत को सोशल मीडिया पर धमकी देने वाले की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की गई। मामला 2019 के किसान आंदोलन से भी जुड़ा है। धनोरा कट निर्माण की मांग पर हुए आंदोलन में शामिल एक किसान पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस ने बीती रात करीब 2 बजे उस किसान को उसके घर से हिरासत में ले लिया। भाकियू नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर धमकी देने वाले की गिरफ्तारी और हिरासत में लिए गए किसान की रिहाई नहीं हुई, तो जिले में उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने ₹किसान एकता जिंदाबाद₹ के नारे लगाए। ततारपुर गोल चक्कर पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस बल की मौजूदगी में प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। भाकियू नेताओं ने कहा कि राकेश टिकैत को धमकाना पूरे किसान आंदोलन का अपमान है, जिसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# इस्राइल ने हमास के खिलाफ शुरू किया ऑपरेशन गिदोन चैरिएट्स, सीरिया से वापस आए इस्राइली जासूस के दस्तावेज

**तेल अवीव ।** हमास के खिलाफ इस्राइल का अभियान लगातार जारी है। लेफ्टिनेंट कर्नल शोशनी ने बताया कि आईडीएफ ने उत्तरी और दक्षिणी गाजा में ऑपरेशन को आगे बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि सात अक्तूबर के नरसंहार के बाद हमारा मिशन स्पष्ट है। हमारे बंधकों को वापस घर लाना और हमास की सैन्य और शासन क्षमताओं को नष्ट करना। पिछले सप्ताह इस्राइली वायु सेना ने हमास के 670 से ज्यादा ठिकानों, सुरंगों, हथियार स्थलों, टैंक रोधी इकाइयों पर हमला किया। उन्होंने कहा कि इस्राइली सैनिक अब गाजा में खतरों को खत्म करने, आतंकी ढांचे को नष्ट करने और प्रमुख क्षेत्रों पर नियंत्रण करने के लिए काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे मिशन के चार उद्देश्य हैं। पहला असंबद्ध नागरिकों को पहले से चेतावनी देना



**अब इस्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हमास के खिलाफ अपना नया ऑपरेशन गिदोन चैरिएट्स शुरू किया है। आईडीएफ प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशनी ने एक वीडियो संदेश में नए ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी गई**

कि वह खतरे से दूर रहें। दूसरा युद्धक्षेत्र पर नियंत्रण, तीसरा इस्राइली नागरिकों की सुरक्षा करना और चौथा हमास के नेतृत्व और क्षमताओं को खत्म करना। कर्नल शोशनी ने कहा कि हमास के तमाम लड़ाकों को पहले ही मार गिराया जा चुका है। वायुसेना लगातार सटीक हमला कर रही है।

उन्होंने बताया कि यह रातोरात समाप्त नहीं होगा। लेकिन हम तब तक लड़ेंगे जब तक हमास का खतरा खत्म नहीं हो जाता और हमारे बंधकों को रिहा नहीं कर दिया जाता। मिशन जारी है। सीरिया से इस्राइल वापस लाए गए जासूस एली कोहेन के दस्तावेज सीरिया में 60 साल पहले फांसी की सजा पाने वाली इस्राइली जासूस एली कोहेन से संबंधित दस्तावेज और व्यक्तिगत सामान वापस इस्राइल लाए गए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि मोसाद ऑपरेशन से संबद्ध विदेशी खुफिया सेवा के सहयोग से एली कोहेन से संबंधित आधिकारिक सीरियाई अभिलेख को इस्राइल लाया गया। इसमें हजारों ऐसी जानकारियां थीं, जिन्हें सीरियाई सुरक्षा बलों ने दशकों से अपने पास रखा था। पीएमओ ने कहा कि विशेष अभिलेखागार में लगभग 2,500 मूल दस्तावेज, फोटोग्राफ और व्यक्तिगत वस्तुएं शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मिस्र में एक यहूदी परिवार में जन्मे कोहेन 1960 के दशक की शुरूआत में मोसाद में शामिल हुए और कामेल अमीन थाबेट के नाम से सीरिया के राजनीतिक नेतृत्व के शीर्ष पदों पर घुसपैठ की।

# पश्चिम अफ्रीका के दो गांवों में आतंकी संगठन जेएएस का खूनी खेल, 57 लोगों की नृशंस हत्या

**अबुजा ।** नाइजीरिया के उत्तर-पूर्वी राज्य बोर्नो में गुरुवार को हुए भीषण आतंकी हमले में लगभग 57 लोगों की मौत हो गई। वहीं 70 से अधिक लोग लापता हो गए। चश्मदीदों और स्थानीय लोगों के अनुसार, यह हमला बोको हराम के एक कट्टरपंथी गुट जमातु अहलिस सुन्ना लिद्दावति वल-जिहाद (जेएएस) ने किया।



## लोगों को इकट्ठा कर जंगल में किया गया हमला

बता दें कि हमला माल्लम करामती और क्वातंदाशी नाम के गांवों में हुआ, जो बागा इलाके में हैं। इस हमले में बचे वहां निवासी अब्दुर्रहमान इब्राहिम ने बताया कि आतंकियों ने 100 से ज्यादा लोगों को इकट्ठा कर जंगल में ले जाकर हमला किया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को 57 शव बरामद हुए, जिनमें से कई की गला रेतकर हत्या की गई थी।

आतंकियों ने गांव वालों पर लगाया था मुखबिर होने का आरोप

मामले में स्थानीय लोगों ने दावा किया कि हमलावर आतंकियों ने गांव के लोगों पर आरोप लगाया कि वे प्रतिद्वंद्वी आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट वेस्ट अफ्रीका प्रॉविंस (आईएसडब्ल्यूएपी) के लिए मुखबिरी कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि आमतौर पर आईएसडब्ल्यूएपी सेना पर हमला करता है, जबकि जेएएस आम नागरिकों पर हमला करने के साथ-साथ अपहरण और लूटपाट करता है।

हालांकि बोर्नो सरकार के प्रवक्ता ने मृतकों की पुष्टि करने से इनकार किया। दूसरी ओर नाइजीरियाई सेना ने कोई जवाब नहीं दिया। इसपर ग्रामीणों का कहना है कि सेना की मदद ना मिलने के कारण शवों की तलाश में भी देरी हुई।

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में भीषण धमाका, चार लोगों की मौत, 20 घायल

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक बाजार के पास बम विस्फोट हुआ। धमाके में चार लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। विस्फोट रविवार को बलूचिस्तान के किला अब्दुल्ला जिले में जब्बार मार्केट के पास हुआ, जिससे इमारत को भारी नुकसान पहुंचा और व्यापक दहशत फैल गई।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, विस्फोट के बाद कई दुकानें ढह गईं और कई प्रतिष्ठानों में आग लग गई। किला अब्दुल्ला के डिप्टी कमिश्नर रियाज खान ने कहा कि विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए।




उन्होंने कहा कि बाजार फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) किले की पिछली दीवार से सटा हुआ था। विस्फोट के बाद अज्ञात हमलावरों और एफसी कर्मियों के बीच गोलीबारी हुई। इलाके को सील किया गया कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने इलाके को सील कर दिया है। व्यापक तलाशी और निकासी अभियान शुरू किया गया है। घायलों में आदिवासी बुजुर्ग हाजी फैजुल्लाह खान गबीजई का एक सुरक्षा गार्ड और कई अन्य लोग शामिल हैं। विस्फोट खुजदार जिले के नाल इलाके में एक चेक पोस्ट पर अज्ञात हथियारबंद लोगों की ओर से किए गए घातक बंदूक हमले में चार लेवी कर्मियों की जान जाने के कुछ दिनों बाद हुआ।

## उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में हमले में दो जवान मारे गए

इस बीच अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अज्ञात आतंकवादियों की ओर से सुरक्षा बलों के काफिले पर घात लगाकर किए गए हमले में दो पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। हमले में छह अन्य घायल हो गए, जिनमें नागरिक भी शामिल हैं।

# पोलैंड के चुनाव में उदारवादी खेमे को बढ़त के संकेत

**वॉरसा।** पोलैंड में रविवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव के पहले चरण में किसी भी उम्मीदवार को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। एग्जिट पोल के अनुसार, वारसॉ के उदारवादी मेयर



राफाल ट्रजास्कोव्स्की और रूढ़िवादी इतिहासकार कारो नव्रॉकी सबसे आगे हैं। अब दोनों के बीच एक जून को दूसरे दौर का सीधा मुकाबला होगा। आईपीएसओएस संस्थान द्वारा किए गए एग्जिट पोल में ट्रजास्कोव्स्की को 30.8% और नव्रॉकी को 29.1% वोट मिलने का अनुमान है।

# कोलंबियाई इन्फ्लुएंसर की घर के बाहर गोली मारकर हत्या, डिलीवरी मैन बनकर पहुंचा आरोपी

**बोगोटा ।** कोलंबिया के कुकुटा शहर में 22 वर्षीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मारिया जोस एस्टुपिनन सांचेज की घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सांचेज ला रिवेरा पड़ोस में अपने घर पर थीं। इस दौरान एक व्यक्ति डिलीवरी मैन बनकर वहां पहुंचा। वह नकली तोहफा लेकर आया था। जैसे ही सांचेज उसके पास पहुंची, आरोपी ने उन्हें गोली मार दी।





यह पूरी घटना पड़ोस में लगे एक सुरक्षा कैमरे में कैद हो गई। जिसमें देखा गया है कि आरोपी गोली मारने के बाद मौके से भाग गया। फुटेज में लोगों के चिल्लाने की भी आवाज सुनी गई, जो मदद के लिए आवाज लगा रहे थे। आरोपी ने पार्सल पहुंचाने का नाटक किया घटना के तुरंत बाद सांचेज को अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, उन्हें बचाया नहीं जा सका। पुलिस के अनुसार, यह घटना स्थानीय समयानुसार दोपहर एक बजे के आसपास हुई। कुकुटा के मेट्रोपॉलिटन पुलिस के कर्नल लियोनार्डो कैपाचो ने कहा कि सांचेज की हत्या ऐसे व्यक्ति ने की है, जिसने पार्सल पहुंचाने का नाटक किया था। हत्या के एक दिन पहले जीता था घरेलू हिंसा का मामला स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सांचेज ने एक दिन पहले ही अपने पूर्व प्रेमी के खिलाफ घरेलू हिंसा का मामला जीता था। अदालत ने उन्हें 30 मिलियन सीओपी (लगभग 7,000 अमेरिकी डॉलर) का हजार्ना देने का आदेश दिया था। इसके बाद, सांचेज की हत्या कर दी। पुलिस अब पूर्व प्रेमी को संदिग्ध मानकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस का मानना है कि सांचेज को अदालत में मिली जीत का हत्या से संबंध हो सकता है। हालांकि, मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# पूर्व राष्ट्रपति बाइडन के कैंसर का पता चलने पर निशाने पर आईं पत्नी जिल, लोगों ने बताया दुष्ट महिला

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित होने और कैंसर के हड्डियों तक फैल जाने का पता चलने के बाद से दुनियाभर में इसकी चर्चा है। इस बीच जो बाइडन की पत्नी जिल बाइडन सोशल मीडिया यूजर्स के निशाने पर आ गए हैं। दरअसल यूजर्स का कहना है कि जो बाइडन को कई साल से कैंसर था, लेकिन जिल बाइडन ने इस बात को छिपाए रखा। यूजर्स ने सवाल किया कि जिल बाइडन एक डॉक्टर हैं, इसके बावजूद वे जो बाइडन में कैंसर के लक्षणों को क्यों नहीं पहचान पाईं?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ने जिल बाइडन पर सवाल उठाए हैं और पूछा कि वह कैसे कैंसर के लक्षणों को नहीं पहचान पाईं। जूनियर ने एक पोस्ट भी सोशल मीडिया पर साझा की, जिसमें



बताया गया था कि प्रोस्टेट कैंसर के लक्षणों को पहचानना सबसे आसान है। पोस्ट में दावा किया गया है कि जिस तरह से जो बाइडन के प्रोस्टेट कैंसर को हड्डियों तक पहुंचा हुआ बताया गया है, उससे लगता है कि उन्हें कई साल पहले इसका पता चल गया होगा और उन्होंने राष्ट्रपति पद पर रहते हुए अमेरिकी लोगों से इसकी जानकारी छिपाई।

## यूजर्स ने जिल बाइडन को बताया दुष्ट महिला

कई अन्य सोशल मीडिया यूजर्स ने भी जिल बाइडन को लेकर गंभीर आरोप लगाए। एक यूजर ने लिखा कि जिल बाइडन बिल्कुल भी अपने पति से प्यार नहीं करतीं और वह सिर्फ सत्ता की भूखी महिला हैं।

# स्पार्टा में भगवान हनुमान की मूर्ति स्थापित, भारतीय दूतावास ने कहा- विश्वास और मित्रता का प्रतीक

**जॉर्जटाउन ।** दूतावास ने कहा कि भगवान हनुमान की मूर्ति को सूकलाल परिवार ने भारत से आयात किया है और अपने माता-पिता की याद में स्थापित किया है।

जिसके बाद भक्तों की भारी भीड़ के सामने मूर्ति का अनावरण किया गया। धार्मिक कार्यक्रम में समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, भगवान हनुमान की मूर्ति की स्थापना मंदिर और क्षेत्र के हिंदू समुदाय के लिए एक मील का पत्थर है। गुयाना में भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट कर भगवान हनुमान की मूर्ति की तस्वीर साझा की। दूतावास ने कहा,



**गुयाना के स्पार्टा में एस्सेक्विबो तट पर रविवार को सीता राम राधे श्याम मंदिर में भगवान हनुमान की 16 फीट की मूर्ति स्थापित की गई। भारतीय दूतावास ने मूर्ति को 'विश्वास, मित्रता और दृढ़ संकल्प' का प्रतीक बताया है**

'स्पार्टा के सीता राम राधे श्याम मंदिर में भगवान हनुमान की 16 फीट ऊंची मूर्ति स्थापित की गई है। यह आस्था, मित्रता और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। भगवान बजरंगबली भारत और गुयाना के बीच लोगों के बीच घनिष्ठ संबंध बनाने के हमारे प्रयासों में हमारा भला करें।'

पिछले साल नवंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुयाना में प्रवासी भारतीयों के प्रभाव पर प्रकाश डाला था। उन्होंने कहा था कि वहां 'एक मिनी इंडिया' मौजूद है, जहां भारतीय मूल के लोग राजनीति, व्यापार, शिक्षा और संस्कृति में अग्रणी बन गए हैं। पीएम मोदी ने 'मन की बात' के 116वें एपिसोड के दौरान और गुयाना की अपनी आधिकारिक राजकीय यात्रा के बाद यह टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि करीब 180 साल पहले भारत से लोगों को खेतों में काम करने और दूसरे कामों के लिए गुयाना ले जाया जाता था। आज गुयाना में भारतीय मूल के लोग राजनीति, व्यापार, शिक्षा और संस्कृति के हर क्षेत्र का नेतृत्व कर रहे हैं।

# भगोड़े नीरव मोदी को एक बार फिर झटका ब्रिटेन की हाई कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

**लंदन ।** ब्रिटेन की हाई कोर्ट ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में एक अरब डॉलर के घोटाले के मुख्य आरोपी नीरव मोदी को जमानत देने से इनकार कर दिया। 2019 में हिरासत में लिए जाने के बाद यह 10वीं बार है, जबकि उनकी जमानत याचिका खारिज हुई है।

वहीं, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक एक्स पर एक पोस्ट में बताया, ब्रिटेन की हाई कोर्ट ने एक बार फिर नीरव मोदी को जमानत देने से इनकार कर दिया। नीरव मोदी पीएनबी के 1 अरब डॉलर के घोटाले के मामले में मास्टरमाइंड है। यह फैसला 15 मई 2025 को उसकी चौथी जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान लिया गया।

ईडी ने आगे लिखा, सुनवाई में नीरव मोदी के बचाव पक्ष और भारत सरकार की ओर से पेश अभियोजन पक्ष की दलीलों पर विस्तार से चर्चा



हुई। ईडी ने लिखित में बताया कि कैसे नीरव मोदी ने धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) किया, शेल कंपनियों के जरिए पैसा ब्रिटेन जैसे दूसरे देशों में भेजा। घोटाले की राशि का एक हिस्सा जब्त करके वापस बैंकों को भी लौटाया गया है। इन सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी।

वहीं, इस फैसले के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक बयान में कहा, नीरव मोदी की नई जमानत याचिका लंदन की हाई कोर्ट (किंग्स बेंच डिवीजन) में खारिज कर दी गई। भारत की तरफ से क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस के वकील ने जोरदार तरीके से विरोध किया, जिन्हें सीबीआई की एक मजबूत टीम ने मदद दी।

सीबीआई ने कहा, हमने अदालत में मजबूत दलीलें दीं, जिसकी वजह से यह याचिका खारिज हुई। नीरव मोदी 19 मार्च 2019 से ब्रिटेन की जेल में है। वह भगौड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया है और उस पर भारत में सीबीआई द्वारा 6498.20 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा चलाया जाना है।

सीबीआई ने आगे कहा, ब्रिटेन में यह उसकी 10वीं जमानत याचिका थी, सीबीआई ने फिर चुनौती दी। नीरव मोदी को ब्रिटिश पुलिस ने मार्च 2019 में हिरासत में लिया था और ब्रिटेन का हाई कोर्ट उसके भारत प्रत्यर्पण को पहले ही मंजूरी दे चुका है। धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ईडी ने 2018 में नीरव मोदी और उसके चाचा मेहुक चोकसी के खिलाफ मामला दर्ज किया था और कई संपत्तियां जब्त की गई थीं।

# ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ, भारतीय मिशन ने पुर्तगाल में पाकिस्तान को दिखाया आईना

**लिस्बन।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान में भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' से पड़ोसी देशों और उनकी आवाम अब तक उबर नहीं पाई है। इस बीच पुर्तगाल में भारतीय मिशन ने लिस्बन में पाकिस्तानी प्रदर्शनकारियों को करारा जवाब दिया। उन्होंने एक पोस्टर के जरिए भारत के ऑपरेशन सिंदूर की ताकत और सटीकता का संदेश दिया। इस दौरान भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार अन्य राजनयिकों के साथ मजबूती से खड़े दिखाई दिए। उन्होंने ह्यऑपरेशन सिंदूर- अभी खत्म नहीं हुआ हैह्न लिखा एक बड़ा पोस्टर अपने पीछे दीवार पर लगाया और पाकिस्तान को आईना दिखाया। वाकया तब का है, जब पाकिस्तानी नागरिकों का एक समूह भारतीय मिशन के बाहर विरोध प्रदर्शन करने पहुंचा था।

घटना रविवार की है। बताया गया कि पाकिस्तानी प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख मुनीर की तस्वीरों के साथ जमकर बवाल




मचाया। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी की। हालांकि, भारतीय राजनयिकों ने उनके हरकतों का तुरंत जवाब दिया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को इस तरह से भारतीय मिशन की ओर से दिखाया जाना एक कड़ा संदेश था, जिससे पाकिस्तानी प्रदर्शनकारियों में निराशा फैल गई और वे पीछे हटने को मजबूर हो गए।

'ऑपरेशन सिंदूर' की उपलब्धियों का प्रदर्शन करने का भारतीय राजदूत का निर्णय एक मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ। इससे भारत की सैन्य शक्ति और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई की उसकी क्षमता का संदेश गया। पोस्टर ने साफ किया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई अब भी जारी है और भारत इसके खात्मे के लिए दृढ़ संकल्पित है। इससे पाकिस्तान को एक स्पष्ट संदेश भी दिया गया कि भारत डरने वाला नहीं है।



पाकिस्तान और पूरी दुनिया को एक कड़ा संदेश लिस्बन की घटना ने भारत के प्रभावशाली और बढ़ते कूटनीतिक-रणनीतिक प्रभाव को भी दुनिया के सामने रखा। भारतीय मिशन की साहसिक प्रतिक्रिया ने पाकिस्तान और पूरी दुनिया को एक कड़ा संदेश दिया है। यह अपने हितों और संप्रभुता की रक्षा के लिए भारत के दृढ़ संकल्प को भी दशार्ता है।

भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों के ठिकानों पर सटीक हमले किए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पाहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में की गई थी। इसके बाद पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की, जिनका भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया।

# शहर विधायक संजीव शर्मा के नेतृत्व में जोरशोर से निकली भारत शौर्य तिरंगा यात्रा

## सेना के पराक्रम को सलामी देने के लिए लाईनपार क्षेत्र में उमड़ा देशभक्तों का जनसैलाब



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान के नापाक इरादों को अपनी शौर्यता से मिट्टी में मिलाने वाली भारतीय सेना के सम्मान में शहर विधायक संजीव शर्मा ने सोमवार को विजयनगर में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली। भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को विजयनगर के उत्सव भवन से विधायक संजीव शर्मा व भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यात्रा में मंडल पदाधिकारी, पूर्व व वर्तमान पार्षदगण, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, सेक्टर संयोजक, वार्ड व बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक सहित हातम सिंह नागर, पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, राजीव शर्मा, सुरेन्द्र नागर, यात्रा संयोजक सचिन डेढ़ा, संदीप चौधरी, सुनील यादव, राजकुमार नागर, अनिल सांवरिया, अनुज मित्तल, महिम गुप्ता, पवन शर्मा, वरुण नागर, रेनू चंदेला, पार्षद पूनम सिंह, लवली कौर, राहुल शर्मा, प्रतीक माथुर आदि उपस्थित रहे।

### सेना ने पाकिस्तान के नापाक इरादों को मिट्टी में मिला दिया : विधायक संजीव शर्मा

करंट क्राइम। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की जाबांज सेना ने महज 25 मिनट में उसके आतंकी अड्डे तबाह कर दिए। पाकिस्तान ने हमला करने की कौशिश की तो भारतीय सेना के पराक्रम को देखकर पाकिस्तान घुटनों पर आ गया है। हमें अपनी सेना पर गर्व है। पाकिस्तान ने अब अगर भविष्य में कोई हिमाकत की तो देश की सेना उसका दुनिया से नामो-निशान तक मिटा देगी।

### भारतीय सेना के पराक्रम का कोई मुकाबला नहीं : महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल

करंट क्राइम। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा, भाजपा कार्यकर्ता सदैव राष्ट्रहित में अग्रणी रहे हैं। यह यात्रा उसी भावना को समर्पित है। आज जनसमूह ने यह सिद्ध कर दिया कि देशभक्ति अभी भी हमारे रग-रग में है। तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि हमारी अस्मिता, शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। आज की यह यात्रा हर देशवासी में राष्ट्रभक्ति की भावना को और प्रबल करती है।

### 'देशभक्ति के जोश के आगे झुक गया आसमान'

करंट क्राइम। विधायक संजीव शर्मा के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि भारत शौर्य तिरंगा यात्रा उत्सव भवन से शुरू हुई और उसका समापन स्वदेशी चौक प्रताप विहार में हुआ। इस दौरान यात्रा में शामिल भाजपा कार्यकर्ताओं व पूरे शहर के लोगों के देश की सेना के प्रति सम्मान व देशभक्ति के जोश के आगे आसमान भी छोटा पड़ गया। तिरंगे से सजी सड़कों और 'भारत माता की जय' के नारों से गूंज उठा आसमान।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? नदिया पार के एक मंडल का प्रवास आया था मीत जी के हाथ? फिर ना जाने क्या हुई ऐसी बात? बदलने वालों ने प्लान बदल दिया साहब? अचानक उनके हाथ से ले ली गई ये जिम्मेदारी? कहने वाले ने कहा ये सब कुछ भगवा मंडल कमिश्नर की शिकायत पर हुआ? सुना है मिस्टर मीत कुछ ज्यादा ही करके दिखा रहे थे इस मैटर में तैयारी?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा किसान वाले सरताज? इस वक्त चल रहे हैं बहुत ज्यादा कन्फ्यूज? बड़ी बड़ी मीटिंगे करने के बावजूद, उनको डर लग रहा है कि योद्धा के सिस्टम से वो हो ना जाये रिफ्यूज? उन्हें मेन टीम में आने पर अभी भी लग रहा है डाउट? वो अपने मोर्चे को भी पूरी शिद्दत से पकड़ कर बैठे हैं? क्योंकि वो नहीं होना चाहते हैं संगठन के सिस्टम से आउट?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा कमिश्नर मिस्टर त्यागी अपनी टीम में बिरादरी वाले ही एक चेहरे को देना चाहते हैं स्थान? उनकी तमन्ना है कि उनकी बिरादरी के ब्रदर को मिल जाये महानमंत्री वाला काम? कहने वाले कह रहे हैं जिस चेहरे ने निर्दलीय चेहरे को की हो निगम चुनाव में सपोर्ट? हमें समझ नहीं आ रहा भगवा कमिश्नर क्यों लगाना चाह रहे हैं ऐसे चेहरे पर ओके की रिपोर्ट? वो किसी भगवा चेहरे को ही टीम में स्थान दें? ऐसा नहीं हुआ तो हमारे दिल को लगेगी बहुत ज्यादा चोट?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाऊस टैक्स वाले मुद्दे पर जब जाननी चाही जानने वाले ने भगवा मैम्बर डागर, हिमांशु जी, विनय जी और सतेन्द्र जी से राय? सुना है इन्होंने राय देने से कर दिया मना? कहा आप इस मुद्दे पर हमारा बयान ना लगायें? कहने वाले ने कहा इनकी चुप्पी पर हमें हो रहा है डाउट? ये बिरादरी सिस्टम को कर रहे है लाउड? मगर हमें हैरानी इस बात पर है कि इस मुद्दे पर क्यों खामोश कर ली है मिस्टर पहलवान ने जुबान? उनका तो बिरादरी वाला भी सिस्टम नहीं बैठता है? कम से कम उनको तो इस मुद्दें पर देना चाहिए था बयान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बढ़े हुए हाऊस टैक्स वाले मुद्दे पर भगवा जय और वीरू की खामोशी पर हैं हैरान? आखिर क्यों बंद की हुई है दोनों ने इतने महत्वपूर्ण मुद्दे पर जुबान? कहने वाले ने कहा अगर मेरे सामने उपाध्यक्ष जीडीए बोर्ड मैम्बर बनाम जनता के मुद्दे की होती बात? सच बता रहा हूं मैं जनता का देता साथ? मैं करता उनका सपोर्ट? आखिर मैं मैम्बर तभी बना हूं जब जनता ने दिया है मुझको वोट?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारी गलतफहमी हो गई उस वक्त दूर? जब हमने भगवा सौलंकी को हाऊस टैक्स वाले मुद्दे पर आवाज उठाते हुए देखा हुजुर? हमको लग रहा था कि वो उपाध्यक्षी और बोर्ड मैम्बरी के आगे नहीं खोलेंगे अपनी जुबान? मगर पूरी शिद्दत से उन्होंने इस मामले को उठाकर खींचा है हमारा ध्यान? भगवा सौलंकी दिख रहे हैं जनता के साथ? इसलिए फिर से देगी जनता उनको जीत का आशीर्वाद?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब शहर विधानसभा में निकली शौर्य तिरंगा यात्रा? यहां पर हमें खूब सुनाई दे रही थी भगवा कमांडर की जिंदाबाद वाले नारों की मात्रा? कहने वाले ने कहा उनके नारों में दब गई कई प्रमुख चेहरों के नारों की आवाज? कहने वाले ने कहा यात्रा के शुरूआती चरण से लेकर अंतिम चरण तक गूंज रही थी भगवा कमांडर के लिए जिंदाबाद वाली आवाज?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि कोई कितना ही बना ले युवा राम के खिलाफ प्लान? हम देख रहे हैं भगवा योद्धा उन पर हैं पूरी शिद्दत से मेहरबान? एक घटना के बाद वो अभी भी लेकर चल रहे हैं राम को अपने साथ? दे रहे हैं संदेश, मैं जिसका हूं हर परिस्थिति में रहता हूं उसके साथ? सोमवार को भगवा योद्धा के साथ युवा राम के हुए कई जगह दीदार? कहने वाले ने कहा अब विरोध का माहौल बनाने से कुछ नहीं मिलने वाला विरोधियों को कर लेनी चाहिए अपनी हार स्वीकार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि शहर में निकली तिरंगा यात्रा में उमड़ी भीड को देखकर हम हो गये विधायक संजीव शर्मा के मैनेजमेंट के मुरीद? कहने वाले ने कहा शहर वाले तो उनके साथ नजर आ ही रहे थे मगर साहिबाबाद और मुरादनगर वाले भी पूरी यात्रा में दिख रहे थे उनके नजदीक? यात्रा में हमें हुए उनके मित्र पहलवान के दीदार? पार्षद राहुल शर्मा भी नारे लगा रहे थे जोरदार? देखते ही बन रही थी मुरादनगर के गोपाल जी की मुस्कुराहट? भीड़ में मिस्टर सारस्वत भी दर्ज करा रहे थे अपनी आहट? कहने वाले ने कहा कमांडर की ये तैयारी भविष्य में देगी कई दावेदारों को डेंट? आखिर अभी भी कायम है उनका पुराना वाला मैनेजमेंट?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा राम के लक्ष्मण को रहना होगा सावधान? बनाने वाले बना रहे हैं उनकी पूरी रिपोर्ट? वो कार्यक्रम में कितनी भीड़ लाते हैं इसका रखने वाले रख रहे हैं पूरी शिद्दत से ध्यान? सुना है शहर वाली तिरंगा यात्रा में भी कई चेहरों की उनके मैंनेजमेंट पर थी नजर? हमें पता चला है हमें पता चला है करने वाले कर रहे हैं उनकी बहुत ज्यादा फिक्र?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# एचआरआईटी विश्वविद्यालय में किया गया 'प्रतिभा सम्मान समारोह' आयोजित







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एचआरआईटी विश्वविद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद विश्वविद्यालय ने गणमान्य अतिथियों का स्वागत पौधे भेंट कर किया। संस्थान की उपलब्धियों, शोध कार्यों और शिक्षा में किए गए नवाचारों को डॉ. निर्दोष अग्रवाल (डीन फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड कॉमर्स) द्वारा उजागर किया गया।

कुलपति डॉ. डी के शर्मा ने शिक्षा और शोध के महत्व पर विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजीत पाल त्यागी (विधायक, मुरादनगर) ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित किया। साथ ही, सुरेश कश्यप (पूर्व एमएलसी) और आरडी शर्मा (महासचिव) ने शिक्षा जगत के आधुनिक दृष्टिकोणों को अपनाने पर जोर दिया। कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कक्षा 12वीं के मेधावी छात्रों का सम्मान था। समारोह के अंत में अतिथियों को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया, जिसके बाद प्रति-कुलाधिपति द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। इस कार्यक्रम का नियोजन कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार द्वारा किया गया। सारिका भाटी ने मंच संचालिका की भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अनिल त्यागी, डॉ. नवनीत शर्मा, रश्मि त्यागी, शबनम जैदी, सोनाली रोहिल्ला, अंकुर अग्रवाल, गौरव उप्पल व जोगेश सक्सेना का विशेष योगदान रहा।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने की जनसुनवाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी क्रमवार सभी लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने सभी शिकायतकर्ताओं व आवेदनकर्ताओं को आश्वस्त किया कि शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जायेगा। उन्होने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि हर शिकायत व आवेदन का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने किसानों से भी वार्ता की। इस दौरान एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।

## आप याद बहुत आएंगे... : एडीएम सिटी गंभीर सिंह का आजमगढ़ के लिए हुआ ट्रांसफर : अजय गुप्ता





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अधिकारी तो आते जाते रहते हैं। कुछ अधिकारी शहर के प्रत्येक नागरिक को अपने परिवार का सदस्य मानने वाले और शिक्षा जगत में लोगों को जागरूक करने वाले होते हैं। पीसीएस अधिकारी एडीएम सिटी गंभीर सिंह जो पहले गाजियाबाद में सिटी मजिस्ट्रेट बनकर आए। फिर प्रमोशन होकर एटीएम सिटी बन गए। उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ गईं। विनम्र व्यवहारऔर कर्मठ इंसान शिक्षा जगत में क्रांति लाने का कार्य किया करते हैं। नई ऊर्जा फाउंडेशन के प्रेरणा स्रोत बनकर बच्चों के भविष्य के बारे में हमेशा सोचते रहे। आज वह आजमगढ़ ट्रांसफर होकर चले गए। अपनी छवि और अपनापन गाजियाबाद के नागरिकों दिलों में बसा गए। वह जहां भी रहें, शिक्षा जगत में क्रांति लाने का काम अपनी पत्नी अंजली सिंह के साथ हमेशा करते रहेंगे। जिम्मेदारियों से भरे पद पर रहते हुए भी उन्होंने एक पारिवारिक माहौल महानगर वासियों के लिए बनाया। ऐसे अधिकारी को नागरिक कभी नहीं भुला पाएंगे। यही दायित्व अपना आजमगढ़ में भी बनाए रखेंगे। वह मेरे परिवार का एक हिस्सा थे, जिनको कभी नहीं भुलाया जा सकता। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनका दिल की गहराइयों के साथ सम्मान करते हैं।

# हाउस टैक्स बढ़ाए जाने के विरोध में आरडब्ल्यूए का 'हल्ला बोल'



### -युनाइटेड फोरम ऑफ ट्रांस हिंडन एसोसिएशन ने नगर आयुक्त के नाम दिया ज्ञापन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कनफेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए, उत्तर प्रदेश के महासचिव और युनाईटेड फोरम ऑफ ट्रांस हिंडन एसोसिएशन के संयोजक जय दीक्षित के नेतृत्व में मोहन नगर जोन के 18 आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों द्वारा जोनल प्रभारी आर पी सिंह को नगर आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा गया। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा संपत्ति कर नियमावली 2000 यथा संसोधित एवं नगर निगम अधिनियम 1959 की सुसंगत धाराओं के विरुद्ध जाकर जबदस्ती संपत्ति करों में दो से तीन गुना बढ़ाकर लागू किए जाने तथा नगर निगम अधिनियम 174(20) 'क' 'ख' की सीधे तौर पर अवहेलना करने का आरोप लगाया गया है। शालीमार गार्डन एक्स 2 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष साईराम नायर ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वर्तमान में जिन किराया दरों पर संपत्ति करों की दरें लागू है उन्हे एक साथ दो से तीन गुना बढ़ाया जाना किसी भी तरह से न्यायोचित नहीं है। गाजियाबाद की जनता से अभी हाउस टैक्स जमा न करने की अपील भी की गई है।

### गाजियाबाद के 3 विधानसभा अंतर्गत 35 लाख परिवार तीन गुना टैक्स बढ़ोतरी से प्रभावित

**करंट क्राइम।** युनाईटेड फोरम के संयोजक जय दीक्षित ने बताया कि नगरायुक्त को चाहिए कि इस विषय पर पुनः गंभीरता से विचार करें। नवीन पार्क आरडब्ल्यूए अध्यक्ष तिलक राम पांडेय और विक्रम एनक्लेव आरडब्ल्यूए पदाधिकारी सुनील शर्मा ने भी अपना रोष व्यक्त किया। गाजियाबाद के 3 विधानसभा अंतर्गत 35 लाख परिवार तीन गुना टैक्स बढ़ोतरी से प्रभावित होंगे। इस प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से भूपेंद्र गोस्वामी, अनिल कुमार, शैलेन्द्र रंजन, प्रेम प्रकाश, पंडित सुनील दाधीच, राजेश पंडित, के के दुबे, शांति राम, राजकुमार भाटी, रवि, राघव, हरेंद्र शर्मा, रामवीर शर्मा, प्रेम गिरी, धर्मेंद्र समेत कई लोग मौजूद रहे।

### जल्द टैक्स नहीं किए गए कम, तो रेजिडेंट करेंगे नगरायुक्त का पुतला दहन

**करंट क्राइम।** राजेन्द्र नगर सेक्टर 3 की पदाधिकारी राज शर्मा ने बताया कि आयुक्त द्वारा जान बूझकर गाजियाबाद नगर निगम परिक्षेत्र में रह रहे लगभग 50 लाख आबादी का आर्थिक उत्पीड़न करने के उद्देश्य से डी एम सर्किल रेट आधारित दरों पर संपत्ति करों में वृद्धि का प्रस्ताव बनाया गया। लोगों ने कहा कि जल्द टैक्स नहीं किए गए कम, तो रेजिडेंट करेंगे नगरायुक्त का पुतला दहन करेंगे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



Atul Garg · Follow
1d

यशस्वी उपराष्ट्रपति आदरणीय श्री जगदीप धनखड़ जी को जन्मदिन की हार्दिक मंगलकामनाएं एवं बधाई।

जन-जन के जीवन में सकारात्मक बदलाव, कमजोर वर्ग के उत्थान और शिक्षा के लिए आपके संकल्प हम सभी को प्रेरणा प्रदान करते हैं।

प्रभु श्री राम की कृपा सदैव आप पर बनी रहे, आपको उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ एवं मंगलमय जीवन की प्राप्ति हो; यही प्रार्थना है।

Vice President of India

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। यह गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का अंदाज है। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के जन्मदिन पर अतुल गर्ग ने उन्हें शुभकामनाएं दी। गाजियाबाद लोकसभा के लोकल सांसद अतुल गर्ग इन दोनों सियासत के इंटरनेशनल फलक पर छाए हुए हैं। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का यह अंदाज बना करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।